दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 28 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 306 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नोएडा पहुंचे, बोले

## बीजेपी अधिकारियों के सहारे लड़ती है चुनाव : अखिलेश यादव

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी हद तक गिर सकती है। अपने लाभ लिए भाजपा किसी भी सीमा के नीचे जा सकती है। अखिलेश यादव नोएडा के सेक्टर 40 स्थित समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे प्रदीप कपूर के आवास पर उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।



**'उपचुनाव में सपा सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी।'**

अखिलेश यादव ने इस दौरान मीडिया से भी बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकताओं के भरोसे नहीं बल्कि पुलिस और प्रशासन की अधिकारियों के सहारे चुनाव लड़ती है। उपचुनाव में सपा सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। जो पार्टी कार्यकर्ताओं के बजाय अधिकारियों को भरोसे चुनाव लड़े, उस पार्टी की हार निश्चित है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ रही है तथा जीत हासिल करेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता, जिला अध्यक्ष सपा के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी समेत कई पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ता मौजूद थे।

अखिलेश यादव के नोएडा पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में अलग तरह का उत्साह देखने को मिला। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव सपा के संस्थापक सदस्य की श्रद्धांजलि सभा में नोएडा पहुंचे थे। प्रदीप कपूर की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। 23 सितंबर को उनका निधन हुआ था। उनके निधन के बाद अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी संवेदनाएं प्रकट की थीं। मौका कैसा भी हो लेकिन अखिलेश यादव भाजपा पर निशाना साधना नहीं छोड़ते हैं। आज भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां उन्होंने उपचुनावों को लेकर भाजपा पर निशाना साधा।

### पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने पूर्व रक्षा वैज्ञानिक कुसुमाकार सुकुल को किया सम्मानित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र एवं पूर्व सांसद एवं कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने भागीरथ सेवा संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष पूर्व रक्षा वैज्ञानिक कुसुमाकार सुकुल को 'पिताश्री हनुमान दत्त स्मृति शीर्षक सम्मान' से सम्मानित किया।

पूरी खबर पढ़ें, पृष्ठ 8

## दीपावली पर रहेंगे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, अधिकारियों को बाजारों में उतरने के निर्देश



### आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस लाइन में हुई अहम बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली का त्यौहार है और त्योहार में किसी प्रकार की जनहानि ना हो। कोई भीषण अग्नि हादसा न होने पाए और आपराधिक वारदात बदमाश अंजाम न दें, इसके लिए रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त द्वारा प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की गई थी। खासतौर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी को भी इस बैठक में शामिल किया गया था ताकि त्यौहार के मद्देनजर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके। वहीं सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों और आरआरएफ व सीआईएसएफ को सड़कों पर उतार दिया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि सभी एसीपी स्तर के अधिकारी अपने-अपने सर्किल में भ्रमणशील रहेंगे। वहीं आपराधिक वारदातों की रोकथाम के साथ ही किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके भी निर्देश दिए गए हैं।



#### आज से फुट पेट्रोलिंग और सघन जांच अभियान चलेगा

करंट क्राइम : बीते दिनों लखनऊ से अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि त्योहारों के मद्दे नजर फुट पेट्रोलिंग और सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए शनिवार की रात से ही शहर के प्रमुख बाजारों जैसे घंटाघर, रमते राम रोड, रामनगर, तुराब नगर, दिल्ली गेट और गांधीनगर सहित अन्य बाजारों में पुलिस की अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके साथ ही डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण करने का आदेश दिया गया है। सोमवार से बाजारों में पुलिस बल को और अधिक एकिटव किया जाएगा।

#### बैंकों से लेकर प्रमुख बाजारों पर रहेगी पुलिस की अतिरिक्त तैनाती

करंट क्राइम : त्यौहारों के सीजन में सब ऑल वेल रहे इसके लिए पुलिस को एक्टिव किया गया है। रविवार को लाइन में हुई मीटिंग में भी कई बिंदुओं पर काम करने के आदेश दिए गए हैं। वहीं डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि दीपावली के मद्देनजर बैंकों और प्रमुख बाजारों में अतिरिक्त पुलिस की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही रात 11 बजे तक सभी प्रमुख बाजारों में पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग करेगा और सुबह 10 बजे के बाद इलाके के सभी पुलिस अधिकारी भ्रमणशील भी रहेंगे।

## दीवाली ने कर दी है शहर से चुनाव की रौनक कम!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** त्यौहार के सीजन में चुनाव आया है। लेकिन त्यौहार की रौनक चुनाव पर भारी हो रही है। बाजारों में भीड़ है, मगर चुनाव कार्यालयों में अभी कम लोग हैं। दिवाली ने चुनाव की रौनक कम कर दी है। उपचुनाव में बाजारों में भीड़ है लेकिन चुनाव के टाइम जो चुनाव कार्यालय कार्यकताओं से फुल रहते हैं अभी वो सुनसान से नजर आ रहे हैं। उम्मीदवार भी पार्कों में जाकर चाय की दुकानों पर जाकर और गली मोहल्लों में लोगों से मिलकर अपना जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। लोग त्यौहार में व्यस्त हैं और चुनाव में वो तंत नहीं आया जो आना चाहिए। बाजारों से चुनाव उठेगा और बाजार दीवाली की खरीददारी में गुलजार हैं। व्यापारी दीपावली में बिजी हैं। चुनाव सिर पर आ गया लेकिन लग ही नहीं रहा कि चुनाव है। अब यही कहा जा रहा है कि चुनाव तो आफ्टर दिवाली ही जोर पकड़ेगा और आप ये मानकर चलो कि भैयादूज और गौरवर्धन के बाद ही रौनक लौटेगी। राजनीति भी जानती है इसलिए अभी किसी उम्मीदवार ने कोई जनसभा नहीं की है। वो जानते हैं कि त्यौहार में भीड़ नहीं आएगी। भीड़ आ भी गई तो चुनाव सभा में अभी बड़े नेता नहीं आएंगे। फेस्टिवल सीजन है इसलिए जनसभाओं का कोई कार्यक्रम भी नहीं आया है। ये त्यौहार का सीजन है और भाजपा के अलावा तो अभी अन्य उम्मदवारों के चुनाव कार्यालय भी नहीं खुले हैं। त्यौहार के बाद ही चुनाव का रंगा देखने को मिलेगा।




## समरकूल मैन संजीव गुप्ता बने उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव गुप्ता एक ऐसा नाम है जो अपने बिजनेस में खुद अपने आप में एक ब्रांड हैं। वो धार्मिक गतिविधियों में सपनावत के वैष्णों धाम से लेकर राजनगर के इस्कॉन तक सबसे आगे रहते हैं। वो भाजपा संगठन के महानगर कोषाध्यक्ष हैं। वो सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर चलते हैं और व्यापारियों के हित में वो एक बड़ी आवाज बनकर आते हैं। संजीव गुप्ता के खाते में एक और उपलब्धि आई है। उन्हें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में उद्योग मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। संजीव गुप्ता इससे पहले भी प्रदेश वाली जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। संजीव गुप्ता एक बार फिर से उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष बनें हैं। इसके अलावा भाजपा के पूर्व पार्षद मनवीर नागर को उद्योग व्यापार मंडल में महानगर महामंत्री बनाया गया है। सुभाष छाबड़ा को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष वाली पदवी सुभाष गुप्ता को मिली है। बहरहाल संजीव गुप्ता के लिए एक नई जिम्मेदारी आई है। वो उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। कई व्यापार मंडलों और सामाजिक संस्थाओं ने संजीव गुप्ता को उद्योग मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है।

**सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक गतिविधियों में सबसे मजबूत**



## एमएलसी दिनेश गोयल बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल भाजपा के सक्रय सदस्य बने हैं। एमएलसी दिनेश गोयल हमेशा एक्टिव रहते हैं और सक्रिय रहते हैं। वो संगठन सर्वोपरि की अवधारणा में विश्वास करते हैं। उन्होंने रविवार को अपने कविनगर स्थित आवास पर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर की उपस्थिति में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कराया। एमएलसी दिनेश गोयल ने सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण कराने के बाद सभी कार्यकताओं से अपील की कि वो भी अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नये प्राथमिक सदस्यों को पंजीकृत कर भाजपा के सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आरंभ हुए इस अभियान से अवश्य जुड़ें और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूत करें।



## आज हो जाएगा डिसाइड की एक ईवीएम पर या दो का होगा उपचुनाव में इस्तेमाल

### आज नाम निर्देशन का है अंतिम दिन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर विधानसभा सीट-56 उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नामांकन की प्रक्रिया के बाद आज सोमवार को नाम निर्देशन यानी स्कूटनी की प्रक्रिया का अंतिम दिन है। वहीं स्कूटनी की प्रक्रिया के बाद यह फाइनल हो जाएगा की गाजियाबाद शहर सीट का उपचुनाव में एक ईवीएम के जरिए होगा या इसके लिए दो ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि अभी 30 अक्टूबर तक नाम वापसी का अंतिम दिन है और 30 अक्टूबर को पता चल जाएगा कि आखिरकार चुनाव मैदान में कितने चेहरे हैं, जिनके नाम मतदाताओं के सामने फाइनल रूप में भेजे जाएंगे।

### एक ईवीएम में दर्ज दर्ज होंगे केवल 14 ही नाम

करंट क्राइम : नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जानकारी मिल रही है कि शहर विधानसभा सीट पर होने वाले इस चुनाव में अब तक 19 उम्मीदवारों के नाम सामने आए हैं। अगर 19 में से सभी नाम स्कूटनी के बाद सही और ठीक पाए गए तो स्थिति रोचक बन सकती है। वहीं बता दें कि एक ईवीएम में केवल 14 ही अधिकतम नाम दर्ज किए जा सकते हैं।



### 4 लाख, 61 हजार 360 वोटर्स चुनेंगे विधायक

करंट क्राइम : शहर सीट विधानसभा-56 पर होने वाले उपचुनाव में कुल 4 लाख, 61 हजार 360 मतदाताओं की संख्या बताई जा रही है। जिसमें पुरुष मतदाता 2 लाख, 54 हजार 017 हैं। तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या दो लाख, 7 हजार 314 है। वहीं 85 वर्ष से अधिक की उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 134 और 18 से 19 वर्ष के बीच आयु वाले मतदाताओं की संख्या 5449 बताई गई है।

### 30 अक्टूबर है नाम वापसी की अंतिम तिथि

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए शहर सीट-56 पर 25 अक्टूबर तक हुए नामांकन कार्य के बाद कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरने का काम किया गया है। इसमें राष्ट्रीय दलों से लेकर क्षेत्रीय और निर्दलीय उम्मीदवारों के शामिल हैं। नाम निर्देशन की जांच की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है और नाम वापसी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संतोष उपाध्याय द्वारा 30 अक्टूबर अंतिम तिथि घोषित की गई है यानी नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर रहेगी। इसके बाद जो उम्मीदवार बच जाएंगे उन्हीं के नाम ईवीएम में दर्ज किए जाएंगे और उन्हीं उम्मीदवारों के लिए मतदान भी होगा।

### इन्होंने किया है विधानसभा उम्मीदवारी के लिए नामांकन

| नाम | दल का नाम |
|---|---|
| संजीव शर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| सिंहराज | समाजवादी पार्टी |
| परमानंद गर्ग | बहुजन समाज पार्टी |
| सतपाल चौधरी | आजाद समाज पार्टी |
| धर्मेंद्र सिंह | राष्ट्रीय जन लोक पार्टी सत्य |
| रवि कुमार पांचाल | सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी |
| पवन सम्राट मिहिर | भोज समाज पार्टी |
| पूनम | हिंदुस्तान निर्माण दल |
| रवि कुमार | एआइएमआइएम |
| गयादीन अहीरवाल | राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी |
| सोम प्रताप गहलोत | अखिल भारतीय आर्य सभा |
| वीरेंद्र कुमार | पब्लिक पॉलीटिकल पार्टी |
| शमशेर राणा | निर्दलीय |
| वीके अग्रवाल | निर्दलीय |
| कुलभूषण त्यागी | निर्दलीय |
| रूपेश चंद | निर्दलीय |
| विनय कुमार शर्मा | निर्दलीय |
| मिथुन जायसवाल | निर्दलीय |
| सत्यम शर्मा | निर्दलीय |

## उम्मीदवार की बारहों महीनों बुराई करने वाले, चुनाव आते ही करने लगते हैं अनुशासित कार्यकर्ता होने का नाटक : बालेश्वर त्यागी

**चार तरह के कार्यकर्ता चुनाव की व्यवस्थाओं में लगते हैं। एक वे जो चुनावों में पूरे समय लगते हैं। दूसरे वे होते हैं जो चुनावों में पंद्रह दिन या एक सप्ताह लगते हैं। तीसरे वे होते हैं जो केवल चुनाव वाले दिन लगते हैं। मतदान शुरू होने से लेकर मतदान बंद होके बक्से बंद होने तक लगते हैं। चौथी तरह के होते हैं जो चुनाव की किसी प्रत्यक्ष व्यवस्था में उनकी कोई भूमिका नहीं होती लेकिन बहुत महत्वपूर्ण का करते हैं। वे पान की दुकान, चाय के खोके पर, बस अड्डे पर, ट्रेन में जहां भी वह होते हैं, बस एक ही बात जीतेगा तो कमल निशान ही**



**वैसे चुनावी व्यवस्था में सब कुछ अच्छा अच्छा नहीं होता। कुछ जायका बिगाड़ने वाले भी होते हैं। वे सबसे खतरनाक होते हैं जो बारहों महीने उम्मीदवार की बुराइयां निकालते हैं, उसे चोर और उठाई गिरा बताते हैं और जैसे ही चुनाव शुरू होते हैं वे अनुशासित कार्यकर्ता की तरह से व्यवस्थाओं में सक्रिय दिखने लगते हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुझे तो केवल भाजपा का अनुभव है लेकिन कमोबेश सभी दलों में ऐसा ही होता होगा जब चुनाव आते हैं तो चार तरह के कार्यकर्ता चुनाव की व्यवस्थाओं में लगते हैं। एक वे जो चुनावों में पूरे समय लगते हैं। वे वैसे भी बारहों महीने कुछ न कुछ व्यवस्थाओं में लगते हैं। एक तरह से वे संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता होते हैं। दूसरे वे होते हैं जो चुनावों में पंद्रह दिन या एक सप्ताह लगते हैं। तीसरे वे होते हैं जो केवल चुनाव वाले दिन लगते हैं। मतदान शुरू होने से लेकर मतदान बंद होके बक्से बंद होने तक लगते हैं। बाकी दिन उन्हें कोई मतलब नहीं होता। एक चौथी तरह के होते हैं जो चुनाव की किसी प्रत्यक्ष व्यवस्था में उनकी कोई भूमिका नहीं होती लेकिन बहुत महत्वपूर्ण का करते हैं। वे पान की दुकान, चाय के खोके पर, बस अड्डे पर, ट्रेन में जहां भी वह होते हैं, बस एक ही बात जीतेगा तो कमल निशान ही। कितनी बहस हो कितनी चर्चा हो प्यार से हो या गरमागरम चर्चा हो, वे अपने उम्मीदवार का झंडा बुलंद रखते हैं। ऐसे लोगों की ओपिनियन मेकिंग में बड़ी भूमिका होती है। जो प्रत्याशी इन चारों तरह के कार्यकताओं को जुटा लेता है, उसका काफी काम आसान हो जाता है। जो प्रत्याशी संगठन की प्रत्यक्ष व्यवस्था से जुड़े होते हैं उन्हें ये व्यवस्था करने में आसानी होती है।

वैसे चुनावी व्यवस्था में सब कुछ अच्छा अच्छा नहीं होता। कुछ जायका बिगाड़ने वाले भी होते हैं। वे सबसे खतरनाक होते हैं जो बारहों महीने उम्मीदवार की बुराइयां निकालते हैं, उसे चोर और उठाई गिरा बताते हैं और जैसे ही चुनाव शुरू होते हैं वे अनुशासित कार्यकर्ता की तरह से व्यवस्थाओं में सक्रिय दिखने लगते हैं। अधिकतर तो अनुशासनहीनता के आरोप से बचने के लिए ऐसा नाटक करते हैं लेकिन कोई कोई सुधार वादी भी हो तो भी वह पिछले पांच वर्षों में इतना नुकसान कर चुके होते हैं जिसे वह चाहकर भी ठीक नहीं करते। कुछ ऐसे होते हैं कि जिन्हें अपने से योग्य कोई और दिखता ही नहीं। उम्मीदवार कोई हो उन्हें केवल उसके दोष दिखाई देते हैं। अगर वे विरोध में हो जाएं तो शायद इतना हानि नहीं पहुंचा पाएं जितना वे साथ रह कर हानि करेंगे।

एक शल्य की भूमिका का निर्वाह करने वाले भी होते हैं। महाभारत में शल्य पांडवों के मामा थे। वे महाभारत में लड़ने के लिए तो आए थे पांडवों की ओर से लेकिन पता नहीं किस भ्रमवश उन्होंने दुर्योधन का आतिथ्य स्वीकार कर लिया। फिर उनकी मजबूरी हो गई कि उन्हें कौरवों की तरफ से लड़ना पड़ा। वे बहुत अच्छे सारथी थे, इसलिए महारथी कर्ण का सारथी बनाया। वे पूरे युद्ध कर्ण का मनोबल तोड़ने का काम करते थे। जो इन सब में संतुलन साध लेते हैं, वे सफल हो जाते हैं।

# यशोदा कैंसर संस्थान, संजय नगर ने किया ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता पदयात्रा का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यशोदा अस्पताल ने आज गाज़ियाबाद में स्तन जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इनमें 70 से अधिक ऐसी महिलाएं भी शामिल थीं, जो स्तन कैंसर से उबर चुकी हैं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्व-परीक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करना है। पदयात्रा का नेतृत्व यशोदा अस्पताल की डॉ अनुश्री वर्तक, ब्रेस्ट कैंसर सर्जन ने किया। डॉ. अनुश्री वर्तक ने कहा, स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में सबसे आम कैंसर है, लेकिन अगर इसका जल्द पता चल जाए तो यह इलाज योग्य है। यह पदयात्रा महिलाओं को अपने स्तनों के स्वास्थ्य के बारे में सक्रिय भूमिका निभाने और संभावित लक्षणों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित की गई है। पदयात्रा के दौरान, महिलाओं को स्तन कैंसर के लक्षणों, जोखिम कारकों और स्व-परीक्षण तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें स्तन कैंसर की जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। एक ब्रेस्ट कैंसर वॉरियर ने कहा, ₹यह पदयात्रा उन महिलाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है जो स्तन कैंसर से जूझ रही हैं या इसका इलाज करा रही हैं। यह दशार्ता है कि हम इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं और हम साथ मिलकर इस बीमारी को हरा सकते हैं। यशोदा सुपर स्पेशियल्टी अस्पताल एवम कैंसर इंस्टीट्यूट संजय नगर गाजियाबाद के ग्रुप डायरेक्टर डॉ रजत अरोड़ा ने कहा कि यशोदा कैंसर इंस्टीट्यूट स्तन कैंसर के इलाज में अग्रणी है और अपने समर्पित ब्रेस्ट केयर सेंटर में व्यापक देखभाल प्रदान करता है। अस्पताल नियमित स्तन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है और महिलाओं को स्तन स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रयागराज में होने वाले कुभ महापर्व के लिए नगर प्रवेश व भूमि पूजन रविवार 3 नवंबर को होगा: श्रीमहंत नारायण गिरि

## पहला शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति का होगा




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रयागराज में होने वाले कुभ महापर्व के लिए नगर प्रवेश व भूमि पूजन रविवार 3 नवंबर को होगा। उस दिन देश-विदेश से संत प्रयागराज में नगर प्रवेश करेंगे। श्रीदूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि कुभ महापर्व के दौरान किसी प्रकार का कोई विघ्न ना आए और किसी को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए उस दिन जूना अखाडे द्वारा शनिदेव, यमुना व धर्मराज का पूजन किया जाएगा। रविवार 10 नवंबर को प्राचीन सिद्धबाबा मौज गिरि मंदिर द्वारा प्रत्येक वर्ष देवोत्थान एकादशी की पूर्व संध्या पर आयोजित किए जाने वाले श्रीकालिंदी महोत्सव, दीपदान महायज्ञ, सांस्कृतिक कार्यक्रम व विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

शनिवार 23 नवंबर को धर्म ध्वजा पूजन, संगम पर कुभ छावनी में शासन द्वारा आवंटित भूमि का पूजन, गंगा द्वारा आवंटित भूमि का पूजन, गंगा, यमुना व सरस्वती समेत सभी देवी-देवताओं का पूजन किया जाएगा। शनिवार 14 दिसंबर को समूह के द्वारा पेशवाई व संगम प्रवेश होगा। निवास, संगम स्नान, खिचडी प्रसाद, भोजन आदि की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि सोमवार 13 जनवरी को लोहडी पर्व मनाया जाएगा। साथ ही आदि नारायण वेणी माधव स्वरूप का षोडशोपचार पूजन किया जाएगा। भोग भंडारे के बाद नगर परिक्रमा व प्रयागराज परिक्रमा होगी और उसके बाद विदाई समारोह के बाद समापन होगा। महंत नारायण गिरि ने बताया कि प्रयागराज के कुंभ महापर्व में मंगलवार 14 जनवरी को मकर सक्रांति का पहला शाही स्नान होगा। द्वितीय शाही स्नान बुधवार 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को व तृतीय शाही स्नान सोमवार 3 फरवरी को बसंत पंचमी का होगा।

चार पर्व स्नान होगे। इनमें पहला पर्व स्नान पोष एकादशी को शुक्रवार 10 जनवरी, दूसरा पर्व स्नान माघी एकादशी शनिवार 8 फरवरी, तीसरा पर्व स्नान माघी पूर्णिमा बुधवार 12 फरवरी व चौथा पर्व स्नान महाशिवरात्रि बुधवार 26 फरवरी को होगा। महाराजश्री ने बताया कि सभी संत 3 फरवरी के बाद 4 फरवरी को काशी पहुंच जाएंगे और होली पर्व तक वहीं पर प्रवास करेंगे।

## न्यूज डायरी

### मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यों ने शहीदों के परिजनों को दीपावली की दी बधाई




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सैनिकों के लिए समर्पित सामाजिक संस्था मातृभूमि सेवा संघ के सदस्यों ने दीपावली पर्व के अवसर पर देश की सरहदों की हिफाजत हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले गांव पतला के शहीद विनोद कुमार, शहीद अजय कुमार व कारगिल युद्ध में अपने अदम्य साहस और कुशलता से पाकिस्तान को धूल चटाने वाले गांव खंजरपुर निवासी फ्लाइंग लेफ्टिनेंट शहीद दीपक शर्मा के निवास स्थान पहुंचकर शहीदों के परिजनों को दीपावली की बधाई दी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष विकास भारतीय, महासचिव आशुतोष सक्सेना, संगठन मंत्री नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष खुशाल नेगी, अविनाश झा, सिद्धार्थ ठाकुर, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### होटल से चार लड़कियां और दो युवक हिरासत में, मालिक हुआ फरार



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर एक होटल में चल रहे देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए मौके से चार युवतियों व दो युवकों को हिरासत में लिया गया है, वही पर मौका देखकर होटल मालिक रफू चक्कर हो गया। पुलिस ने होटल पर सिलिंग की कार्रवाई की है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को काफी समय से निवाड़ी मार्ग पर स्थित आईएमटी संस्थान के सामने एक होटल में अनैतिक कार्य संचालित होने की सूचना मिल रही थी। होटल का रजिस्टर भी चेक किया गया। यह होटल आरिफ नाम के व्यक्ति का है, यहां के प्रबंधक सुनील कुमार है, आरिफ फिलहाल फरार है। होटल स्वामी की तलाश के लिए चार टीमों का गठन किया गया।

### निकाह के तुरंत बाद तलाक, लड़की के घरवाले बोले- दहेज में कार मांग रहे थे, मना करने पर जिद पर अड़े



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में तीन तलाक का मामला सामने आया है। दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर लड़की के घरवाले नाराज हो गए। निकाह के थोड़ी देर बाद दूल्हे से तलाक दिला दिया। इस दौरान नोकझोंक भी हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है। 23 अक्टूबर को गाजियाबाद के कैला भट्टा के रहने वाले फरमान से हुआ था कुरैशी मोहल्ले की रहने वाली गुलिस्तां का निकाह 23 अक्टूबर को गाजियाबाद के कैला भट्टा के रहने वाले फरमान से हुआ था। फरहान तय तारीख पर समय पर बारात लेकर निकाह करने पहुंचा। गुलिस्तां के घरवालों ने बताया- बारातियों का अच्छे से स्वागत किया गया। सभी ने खाना खाया। निकाह के समय अचानक से दूल्हे की ओर से दहेज में कार की मांगी गई। जब हमने असमर्थता जताई गई तो बिना बताये लड़के के घरवालों ने बाराती बढ़ा दिए। ये बात उन्हें पसंद नहीं आई। लड़के के घरवालों अपनी जिद पर अड़े थे। इसको लेकर पंचायत भी हुई, काफी समझाने के बाद भी जब नहीं माने तो किसी तरह से निकाह कराया गया। लेकिन उनके घरवालों का बर्ताव उन्हें अच्छा नहीं लगा। उन्होंने बेटी को विदा करने से मना किया। जिसके बाद पंचायत में फैसला हुआ कि दूल्हे से लड़की को तलाक दिला दिया जाए। जिसके ाद दूल्हे से तलाक बोलने को कहा गया। उसने तलाक बोल दिया।

#### दोनों पक्षों की तरफ से नहीं मिली तहरीर

इस बारे में जब थाना प्रभारी साहिबाबाद योगेंद्र सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस मामले में 112 पर कॉल की गई थी। उसके बाद सारा मामला चौकी शहीद नगर गया था। लेकिन तभी दोनों पक्षों के बुजुर्ग वहां पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हमें कोई शिकायत नहीं करनी है और यह मामला हम अपने आप सुलझा लेंगे।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग की उपस्थिति में समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन








**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 13वीं बार निशुल्क खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेतान स्पोर्ट्स कंपलेक्स राजेंद्र नगर में किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, सांसद गाजियाबाद अतुल गर्ग उपस्थित रहे।

बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार मैडल और सहयोग राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर लेखराज छाबड़ी, विनोद पांडे, डीएन कॉल, प्रेम त्यागी, भूषण लाल, हरीश गौड़, अनिल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, केशव सक्सेना, प्रवीण भाटी, संजय रावत, बृजेश सिंह, अंजू घनशाला, सुमन सती, निशा चौहान, मुनेश कसाना, आशा पवार, जितेंद्र कुमार, बॉबी त्यागी, राहुल शर्मा, मदन राय, संदीप नागर अजित, प्रतीक माथुर, डब्बी कसाना, बिजेंद्र भडाना, हरमीत बक्शी आदि संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के लिए मांगे वोट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'मन की बात' के 114 वें एपिसोड को वार्ड-65 विवेकानंद नगर में पार्षद राजकुमार नागर के कार्यालय में सुना गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्यातिथि रहे। अपने सम्बोधन में छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान मोटू पतलू जैसे कार्यक्रमों के तहत एनीमेशन के माध्यम से विदेशों में मचाने वाले ढोलकपुर के ढोल का जिक्र किया तो आत्मनिर्भर अभियान के विषय में बताते हुए कहा कि आत्मा निर्भरता हमारी पॉलिसी ही नहीं बल्कि हमारा पेशन बन गया है। आत्मानिर्भर हो रहा भारत हर सेक्टर में कमाल कर रहा है। मन की बात कार्यक्रम के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में प्रचार कर आगामी 13 नवंबर को कमल के सामने वाला बटन दबा कर संजीव शर्मा को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इस अवसर पर महामंत्री सुशील गौतम, मंडल अध्यक्ष दयानन्द बंसल, वार्ड प्रभारी कामेश्वर त्यागी, लोहा विक्रेता मंडी अध्यक्ष अतुल जैन, सचिन सोनी, मनोज शर्मा, वरुण नागर, संजीव त्यागी, आशीष सक्सेना, सुनील चौधरी, कौशल शर्मा, कपिल अग्रवाल, एडवोकेट प्रेमपाल, राजीव त्यागी, रामनारायण यादव आदि उपस्थित रहे।

# वार्ड नंबर 9 में पार्षद शीतल देओल के आवास पर ग्रुप में सुना गया 'मन की बात' कार्यक्रम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मन की बात कार्यक्रम वार्ड नंबर 9 में पार्षद शीतल देओल के आवास पर संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग, राजेंद्र मित्तल मेहंदी वाले, माहिम गुप्ता मंडल अध्यक्ष, शीतल चौधरी स्थानीय पार्षद वार्ड नंबर 9, अनुज देओल, कलवा सिंह कश्यप, भूषण यादव, गजराज सिंह, राजू पंचाल, अनिल, सुनील शर्मा, शशिकांत मिश्रा, संदीप सिंघल, रितु सिंघल, मनोज सेंगर, रमेश ठाकुर, प्रेमा देवी, उर्मिला कश्यप, संजू देवी, निवास सिंह, अश्वनी शर्मा कमलकांत, एडी कपिल, किरण रहेजा, डॉक्टर ओपी अग्रवाल, राकेश मित्तल, राजेश गुप्ता, ओम प्रकाश चौधरी, जयप्रकाश भारद्वाज, आलोक शर्मा, नवीन शर्मा, कमलेश चौधरी, वीरपाल चौधरी, श्रद्धानंद त्यागी, अंबिका देओल, पिंकी, रीना, गीता, जगपाल सिंह, मास्टर जी, रेखा शर्मा, विशसंबर चौधरी, सुशील रहेजा, अभिषेक, अनुराग देव, मुकेश तोमर, रेखा शर्मा, नवीन गौतम, संजय सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महामंडलेश्वर की अनुपस्थिति में भी पूर्ण होगा विश्व धर्म संसद : डॉ. उदिता त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव व विश्व धर्म संसद (वर्ल्ड रिलीजियस कन्वेंशन) की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी ने रविवार को अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील त्यागी व अखण्ड परशुराम अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के साथ विश्व धर्म संसद को लेकर हरिद्वार के प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता का आयोजन किया।

विश्व धर्म संसद का आयोजन यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन अनेक अन्य संस्थाओं के सहयोग से कर रही है। यह आयोजन 17 से 22 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। पहले दिन यह आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में और अंतिम तीन दिन यह आयोजन श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में होगा। इस आयोजन का उद्देश्य विश्व के सभी गैरमुस्लिमों को इस्लामिक जिहाद की वास्तविक विभीषिका को समझा कर एक प्लेटफार्म पर लाना है जहां सम्पूर्ण विश्व के सभी गैर मुस्लिम धर्मगुरु, बुद्धिजीवी व विद्वान अपने और सम्पूर्ण मानवता के अस्तित्व की रक्षा के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग के मार्ग खोजने का प्रयास करेंगे।

प्रेसवार्ता में सुनील त्यागी ने संत समाज से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज का साथ देने का अनुरोध करते हुए कहा कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज सनातन धर्म की सबसे मजबूत आवाज हैं। ऐसे में सारे संत समाज को आपसी मतभेद भुला कर उनका साथ देना चाहिए। प्रेसवार्ता में असीमानंद महाराज, विजयपाल सिंह त्यागी, सुभाष त्यागी, आनंद तिवारी, सीए आशुतोष पांडे, डॉ. रामसिंह, शशिकांत त्यागी, देव नारायण तिवारी, जागेश त्यागी, मनोज त्यागी, अमित पुंडीर, विवेक नगर, तरुण त्यागी, अंकित आदि उपस्थित थे।

### विश्व शांति और सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए विश्व धर्म संसद अति आवश्यक : डॉ. उदिता त्यागी

**करंट क्राइम।** आयोजन के बारे में बताते हुए डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, वह मानवता के लिए बहुत ही अशुभ है। आज दुनिया का ऐसा कोई कोना नहीं बचा है जहां इस्लाम के जिहादी ना पहुंच गए हों। ऐसे में सम्पूर्ण विश्व के सभी गैर मुस्लिम जनसमुदायों को एक साथ आकर अपने अस्तित्व के साथ ही सम्पूर्ण मानवता को बचाने का प्रयास करना चाहिए। विश्व धर्म संसद इसके मार्ग खोजने में सहायक सिद्ध होगा। अत: विश्व शांति और सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिये विश्व धर्म संसद अति आवश्यक है। डॉ. उदिता त्यागी ने यह भी कहा कि विश्व धर्म संसद हमारे गुरु महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज का स्वप्न है जो उनकी अनुपस्थिति में भी पूर्ण किया जाएगा।

### विश्व धर्म संसद के लिए हरिद्वार के सनातनी पूर्ण सहयोग करेंगे : पंडित पवनकृष्ण शास्त्री

प्रेसवार्ता में सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित पवनकृष्ण शास्त्री ने कहा कि हरिद्वार के सनातनी विश्व धर्म संसद के आयोजन में हर तरह का सहयोग करेंगे। यह आयोजन सम्पूर्ण विश्व को दिशा देने का कार्य करेगा।

## मणिपुर हिंसा पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा लोकतंत्र कभी भी नहीं होता पूर्ण



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के विजन को पेश किया, साथ ही कई मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने ईरान-इजरायल युद्ध पर भी बयान दिया और कहा कि इन दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष पर मोदी सरकार की पैनी नजर है। साथ ही उन्होंने मणिपुर में चल रहे संघर्ष पर भी विचार प्रकट किया।

उन्होंने कहा, मणिपुर में कई समस्याएं हैं। इसके कई कारण हैं, जो काफी जटिल हैं। मणिपुर में संघर्ष का कारण कुछ हद तक ऐतिहासिक भी है। साथ ही सीमा पर हो रही घटनाओं से भी हिंसा के तार जुड़े हैं। इसलिए, समस्या के संबंध में एक राय नहीं है।

# अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को नंदग्राम में गुर्जर समन्वय सेवा समिति द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय महामंत्री एकलव्य बैसला, राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट मोहित नागर, प्रदेश सचिव प्रवीण चपराना, व कपिल मावी, जिला अध्यक्ष संदीप गुर्जर, महानगर अध्यक्ष रोबिन भड़ाना का सरदार वल्लभ भाई पटेल को मूर्ति देकर व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। गुर्जर समन्वय समिति के अध्यक्ष आजाद सिंह ने कहा कि गुर्जर समाज समय-समय पर महापुरुषों की जयंती पर ऐसा प्रोग्राम आगे भी करते रहेंगे व नंदग्राम के समस्त गुर्जर समाज को एकत्रित करने का काम समिति करेगी और आगे एक बड़ा प्रोग्राम समिति करेगी उसकी जल्द ही एक योजना बनाई जाएगी। जिसमें गुर्जर समन्वय सेवा समिति के संरक्षक मित्रपाल व अध्यक्ष आजाद सिंह व महासचिव विकास भाटी गुर्जर व मनीष अधाना, मस्तराम भाटी, महाराज सिंह, बाबूराम, जीतेन्द्र कसाना, नरेंद्र पोसवाल, मांगे राम भाटी, जनेस गुर्जर, कुंवर पाल, सुदेश नागर आदि गुर्जर समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यूजीसी नेट परीक्षा में 97% अंक पाकर राज नगर एक्सटेंशन की दीपशिखा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राज नगर एक्सटेंशन की निवासी, वसुंधरा के पूर्व पार्षद संजय शर्मा की पुत्री, दीपशिखा ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। दीपशिखा की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। दीपशिखा ने 97% पर्सेंटाइल हासिल कर असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी के लिए पात्रता प्राप्त कर ली है। इस परीक्षा में लगभग दस हजार लोगों ने फॉर्म भरा था, जिसमें से पूरे देश में केवल 160 ही पास हो पाए, और उनमें से दीपशिखा की शानदार सफलता ने क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। दीपशिखा की यह सफलता न केवल उन्हें करियर में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी, बल्कि उनके आस-पास के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और समर्पण से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। यूजीसी नेट का यह परिणाम उनके करियर के नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें अपने चुने हुए शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका देगा।

दीपशिखा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि वसुंधरा के पूर्व पार्षद संजय शर्मा और उनके पूरे परिवार के लिए यह खुशी का अवसर है।

### घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में आएगी शांति: अमित शाह



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में शांति तभी बहाल होगी, जब राज्य में घुसपैठ रुकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में लैंड पोर्ट पर नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार के उद्घाटन के अवसर पर कहा, 2026 में पश्चिम बंगाल में बदलाव लाएं और भाजपा राज्य में अवैध घुसपैठ को पूरी तरह से रोक देगी। गृह मंत्री शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ₹ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान, पश्चिम बंगाल को केंद्र से 7.74 लाख करोड़ रुपये का फंड मिला है, जो पिछली यूपीए सरकार के दौरान राज्य को मिले धन से कहीं अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल में केंद्रीय फंड के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा और पीएमएवाई जैसी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली धनराशि वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती है। उन्होंने कहा, केवल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को ही इन निधियों का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमा पार तस्करी को रोकने में भूमि बंदरगाहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने कहा, भूमि बंदरगाह देश में चिकित्सा और शैक्षिक पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल भारत को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाएगी। बता दें कि गृह मंत्री शाह कोलकाता के साल्ट लेक स्थित एक सभागार में संगठनात्मक बैठक में भाग लेने वाले हैं। उस संगठनात्मक बैठक में, आगामी उपचुनावों के लिए पार्टी की रणनीति की रूपरेखा तैयार कर सकते हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा चल रही है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# डीएम फैक्टर हो गया अगर एक तो जंग हो जाएगी टाइट जिस गेम को भाजपा आसान समझ रही है वो यहां देगा फाइट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव की एक हवा होती है और कई बार हवा में चुनाव होता है। उपचुनाव आया है और यहां अगर उत्साह से लबरेज कोई पार्टी है तो वो भाजपा है।

इसकी वजह भी है कि वो यहां बूथ कमेटी से लेकर कार्यकर्ता नेटवर्क में सबसे मजबूत है। उसके यहां चुनाव लड़ाने वाली एक पूरी फौज है, लेकिन ये चुनाव का गेम है और ये केवल एक फैक्टर पर नहीं चलता है। चुनाव का ट्रैक्टर कई दिशाओं में घूमता है और इसका समीकरण वाला फैक्टर पूरे गेम को फंसा देता है। खुद कई चुनाव देख चुके भाजपाई भी कह रहे हैं कि अब चुनाव देखने वाली टीम को लहर वाली खुमारी से बाहर आकर समीकरण को समझना होगा। जहां डीएम फैक्टर सबसे मजबूत है और अगर ये डीएम एकजुट हो गया तो फिर भाजपा के लिये राहें इतनी आसान नहीं होगी जितनी वो समझ रहे हैं। यहां का रिकॉर्ड बताता है कि यहां डीएम फैक्टर पहले भी सियासी बाजी को पलट चुका है।

कई दिग्गजों को उन चेहरों ने मात दे दी जिन्हें वो गिनती में नहीं गिन रहे थे। सबसे बड़ी बात ये है कि डीएम फैक्टर संख्या बल के हिसाब से चुनाव पलटने की ताकत लिये हुए हैं।

## वहाब चौधरी से लेकर मोहिनी शर्मा और रंजीता धामा तक समीकरण का असर





**करंट क्राइम।** राजनीति की बात करें तो समीकरण अगर फिट बैठ जाता है तो लहर भी पिट जाती है। इसके लिए वर्ष 2012 का विधानसभा चुनाव देखना होगा। मुरादनगर सीट से राजपाल त्यागी जैसे दिग्गज सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। बृजपाल तेवतिया भाजपा से, सुरेंद्र मुन्नी कांग्रेस से और वहाब चौधरी बसपा से उम्मीदवार थे। कहा ये जाता है कि वहाब चौधरी मुरादनगर सीट के परिसीमन के बाद गाजियाबाद के शहरी क्षेत्र में वोट भी मांगने नहीं आए थे। उन्होंने अपना फोकस डीएम पर रखा था। जब चुनाव नतीजा आया था तो लगभग 3600 वोटो के अंतराल से राजपाल त्यागी जैसे दिग्गज चुनाव हार गए थे। ये समीकरण था, ये वोटों का विभाजन था कि वो वाहब चौधरी विधायक बन गए थे जिन्हें दूसरे दल गिनती में नहीं गिन रहे थे। ये समीकरण के बूते पर विधायक बनने का मामला था। समीकरण की बात करें तो पूरा नगर पालिका परिसद का उदाहरण सबके सामने हैं। यहां पीएम, सीएम मैजिक नहीं चला था और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा ने भाजपा की उम्मीदवार रीना भाटी को हराकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की। समीकरण की बात करें तो लोनी में रंजीता धामा ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी ताल ठोंकी और लगातार दूसरी जीत हासिल की।

## डी और एम देगा मजबूत लड़ने वाले को ही चुनावी माइलेज

करंट क्राइम। दलित और मुस्लिम वोटों की बात करें तो यहां इन वोटों पर चुनावी भागीदारी मानने वाले दलों में कांग्रेस-सपा गठबंधन है। हाथ साइकिल के अलावा केतली और पतंग भी अपने उम्मीदवारों के साथ हैं। यहां रिकॉर्ड बताता है कि लोकसभा चुनाव में डीएम फैक्टर कांग्रेस की डॉली शर्मा के साथ गया था। इस वर्ग की ये खूबी है कि ये उसके साथ जाएगा जो सबसे मजबूत चुनाव लड़ रहा होगा। एम फैक्टर यानि मुस्लिम वोटों को लेकर सपा-कांग्रेस को उम्मीद है कि यह उसके पाले में आएंगे। हाथी वाले ये मानकर चल रहे हैं कि डीएम उनके पक्ष में रहेगा और केतली को उम्मीद है कि उसके साथ डी और एम दोनों रहेंगे। यदि यह फैक्टर किसी एक के साथ आ गया तो भाजपा के लिए चुनौती बढ़ जाएगी।

## हाथी के पुराने महावत सिंहराज को रास आ सकता है गठबंधन का साथ



**करंट क्राइम।** डीएम फैक्टर की बात हो रही है और यहां पीडीए ने दलित कार्ड खेला है। सपा कांग्रेस गठबंधन जनरल सीट पर दलित उम्मीदवार को लेकर आया है। उन्होंने यहां हाथी के पूर्व महावत सिंहराज जाटव को उम्मीदवार बनाया है। सिंहराज जाटव पुराने बसपाई हैं और यहां नीले वोट बैंक में उनकी पकड़ बताई जाती है। मुस्लिम वोटों का झुकाव सपा के अलावा कांग्रेस की तरफ हो सकता है और जब ये दल दोनों हाथ मिलाकर हैं तो फिर एम का पूरा माइलेज गठबंधन को मिलेगा। डी फैक्टर की बात करें तो यहां सिंहराज को बसपा का पुराना महावत होने का लाभ मिलेगा। डी और एम दोनों इंट्रेस्ट लेते हैं तो फिर चुनाव में रोचक मोड आएगा।

## इलाके का रखना होगा ध्यान, कहां हुआ कितना मतदान

करंट क्राइम। चुनाव में लहर और समीकरण के साथ-साथ मतदान के प्रतिशत का भी ध्यान रखना होगा। क्योंकि एक समीकरण वोट प्रतिशत का भी होता है। शहर सीट पर उपचुनाव है और यहां चुनाव आयोग ने बुधवार यानि वर्किंग डे में मतदान प्रयोग किया है। वो ये मानकर चल रहे हैं कि रविवार-शनिवार वीकेंड होते हैं और अक्सर उन दिनों में लोग अपने परिवार के साथ घूमने चले जाते हैं और वोट नहीं डालते। इसलिए चुनाव आयोग ने बुधवार का दिन मतदान के लिये रखा है। अब ये देखना होगा कि व्यापारी अपनी दुकान पर फोकस करेंगे या मतदान पर करेंगे। निजी कर्मचारी अपने रोजगार पर जाएंगे। वो सुबह के गए शाम को भी जाए तो फायदा नहीं होग। क्योंकि चुनाव खत्म हो जाएगा। मतदान किन इलाकों में हुआ है ये एक फैक्टर रहेगा। अगर फूल वालों के इलाके में वोटर उत्साह में रहे तो यहां कमल खिलेगा और डीएम ने हाथ मिलाकर मतदान कर दिया तो नतीजा हैरान भी कर सकता है।

# देश में सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद, तो लोनी की हवा भी खतरनाक

## दीपावली से पहले जहरीली हुई हवा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** एयर क्वालिटी के मामले में देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर उत्तर प्रदेश का गाजियाबाद है। दूसरे नंबर पर दिल्ली और तीसरे नंबर पर ग्रेटर नोएडा पहुंच गया है। दिल्ली-एनसीआर के शहरों की एयर क्वालिटी गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। जानकार मान रहे हैं कि जैसे-जैसे दिवाली नजदीक आएगी, वैसे-वैसे आसमान में धुंध बढ़ेगी। वहीं वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक होती चली जा रही है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रविवार सुबह दस बजे की रिपोर्ट के अनुसार- इंडेक्स पर गाजियाबाद की एयर क्वालिटी 375 दर्ज की गई है, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है। दूसरे नंबर पर दिल्ली का एक्यूआई 356 और तीसरे नंबर पर ग्रेटर नोएडा का 351 दर्ज किया गया है। इसके बाद नोएडा का प्रदूषण 325 है। कई दिन से पॉल्यूशन से जूझ रहे मेरठ का 209 और मुजफ्फरनगर का 129 है।

### लोनी की हवा हुई खतरनाक

करंट क्राइम ।300 से ऊपर जब एयर क्वालिटी पहुंचती है तो वो गंभीर श्रेणी में आती है। गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा का अब इसी श्रेणी में पहुंच गया है। गाजियाबाद के लोनी एरिया का प्रदूषण 410 रिकॉर्ड किया गया है, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। ये एरिया दिल्ली से एकदम सटा हुआ है। यहां इंडस्ट्रियल एरिया है और वाहनों का दबाव भी काफी ज्यादा है। इसके अलावा इंदिरापुरम का 394, संजयनगर का 369 और वसुंधरा का 336 पाया गया है। ये रिपोर्ट रविवार सुबह 10 बजे तक की है।

# मोस्ट एलिजेबल संयोजक बने पूर्व मेयर अशु वर्मा संजीव शर्मा के चुनाव की भी सौंपी गई कमान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर अशु वर्मा सियासत में एक्टिव होने की एक बड़ी मिशाल है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो देश में हो या विदेश में हों वो जनप्रतिनिधि रहें या पूर्व जनप्रतिनिधि रहे लेकिन उनके भीतर का कार्यकर्ता हमेशा एक्टिव रहता है। अब उनकी इस खूबी का भाजपा संगठन भी कायल रहता है। यही एक वजह है कि पूर्व मेयर अशु वर्मा एक जबर्दस्त रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर हैं। वो अब तक के मोस्ट इलिजेबल चुनाव संयोजक हैं। चुनाव लोकसभा का हो, चुनाव विधानसभा का हो, चुनाव मेयर का हो वो संयोजक का काम पूर्व मेयर अशु वर्मा के पास रहता है। दैनिक करंट क्राइम ने जब संयोजक वाले रिकॉर्ड को खंगाला तो पता चला कि अशु वर्मा तो मोस्ट इलिजेबल चुनाव संयोजक अवॉर्ड की ओर बढ़ चुके हैं।

पूर्व मेयर अशु वर्मा के नाम है एक जबर्दस्त रिकॉर्ड



लोकसभा-विधानसभा और मेयर चुनाव में रहे हैं लगातार चुनाव संयोजक

इसमें सबसे खास बात ये है कि उन्होंने तीन सांसदों के चुनाव में संयोजक की भूमिका निभाई है, जिसमें एक में वो बैकडोर वाले अंदाज में रहे हैं और वो लगातार दो मेयर के चुनाव संयोजक रहे हैं।

वो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भी चुनाव संयोजक रहे हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा में कोई तो खूबी है कि पार्टी उन्हें हर चुनाव में संयोजक वाली कमान दे रही है। जब तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह गाजियाबाद से लोकसभा का चुनाव लड़े थे तब अशु वर्मा एक विधानसभा के चुनाव संयोजक बने थे। वो मुरादनगर विधानसभा के संयोजक बनाए गए थे। इसके बाद जब वर्ष 2014 में जनरल वीके सिंह भाजपा से लोकसभा का चुनाव लड़े तो पूर्व मेयर अशु वर्मा को फिर से मुरादनगर विधानसभा का संयोजक बनाया गया था। 2024 में जब अतुल गर्ग लोकसभा का चुनाव लड़े तो बैकडोर से पूरी कमान संयोजक के रूप में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने ही संभाली थी। इसके अलावा अगर बात करें मेयर चुनाव की तो आशा शर्मा जब मेयर का चुनाव लड़ीं तो पूर्व मेयर अशु वर्मा इस चुनाव में चुनाव संयोजक बनाए गए थे। इसके बाद सुनीता दयाल को भाजपा ने मेयर उम्मीदवार बनाया और एक बार फिर चुनाव संयोजक के रूप में पार्टी ने पूर्व मेयर अशु वर्मा पर भरोसा जताया। पार्टी ने उन्हें मेयर चुनाव लड़ रही सुनीता दयाल का चुनाव संयोजक बनाया। ऐस नहीं है कि मेयर पद से पूर्व होने पर ही पार्टी ने उन्हें ये दायित्व दिया हो। भाजपा को अपने इस चुनावी प्लानर पर इतना भरोसा है कि जब अशु वर्मा मेयर थे तब वो मेयर रहते हुए विधायक सुनील शर्मा के चुनाव संयोजक बनाए गए। इसके अलावा वो वर्ष 2022 में जब अतुल गर्ग विधानसभा का चुनाव लड़े तो उनके चुनाव संयोजक बनाए गए। ये रिकॉर्ड बताता है कि ये दर्जा किसी किसी को मिलता है और अशु वर्मा भाजपा में एक रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर हैं। कुछ तो उनमें बात है जो पार्टी उन्हें लगातार चुनाव संयोजक बना रही है। वो मोस्ट इलिजेबल चुनाव संयोजक का दर्जा पा चुके हैं।

# सड़क पर घायल पड़े युवक के लिए मदद दूत बने पार्षद डॉ. अनिल तोमर

## जिसे लोगों ने कर दिया था इग्नोर उसे चिकित्सा उपलब्ध कराकर पार्षद ने दी नई जिंदगी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर कहते हैं कि भीड़ तमाशा देखती है, लेकिन मदद करने वाले मदद करते हैं। अगर समय से किसी को मदद मिल जाए तो किसी की जान बच सकती है। मानवता का सबसे बड़ा परिचय पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने दिया और उनकी पहल से एक नौजवान को जीवन मिला। इंदिरापुरम की सड़क पर एक घायल युवक दो घंटे से पड़ा था। वो मदद के लिये चिल्ला रहा था, लेकिन लोग उसे इग्नोर कर निकल रहे थे। लोगों को ऐसा लग रहा होगा कि युवक नशे की अवस्था में या विक्षिप्त है। क्योंकि युवक के बदन पर पूरे कपड़े नहीं थे। इस बात की जानकारी जैसे ही पार्षद डॉ. अनिल तोमर को लगी तो वो तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि युवक अधनंगी अवस्था में है और उसके मुंह पर कपड़ा बंधा था। उसके पैर भी सूजे हुए थे। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने यहां उसके लिए सबसे पहले मानवता का परिचय दिया। उन्होंने युवक के मुंह पर बंध कपड़ा हटाया और उसके कपड़े पहनाकर उसे अधनंगी अवस्था से बचाया। युवक के पैर सूजे थे और ऐसा लग रहा था कि वो



किसी जहरखुरानी गिरोह का शिकार हुआ है। प्पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने युवक की मदद के लिये मौके पर ही एंबुलेंस बलाई और फिर उस युवक को उपचार के लिये भेजा। समय पर उपचार मिलने से युवक की हालत में सुधार है। अब उसका उपचार चल रहा है। भाजपा पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने मानवता की एक



मिशाल पेश की और सभी के सामने यहा आदर्श रखा कि हम सबको मदद के लिये आगे आना चाहिए और किसी की जान बचाना हमारे जीवन का उददेश्य होना चाहिए।

# आज विजयनगर में खुलेगा सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार का चुनाव कार्यालय




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार सिंहराज जाटव ने लगातार अपना चुनाव प्रचार जारी रखा है। वो डोर-टू-डोर जा रहे हैं, मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वहीं अब गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज जाटव ने भी लाइनपार क्षेत्र में चुनावी दस्तक दे दी है। आज विजयनगर क्षेत्र में उनका चुनाव कार्यालय खुलेगा। यह चुनाव कार्यालय विजयनगर में उत्तम अस्पताल के पास खोला गया है। सभी अन्य कार्यकर्ता और नेता इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

# अंकुर विहार में पति-पत्नी के बीच विवाद जमकर हुई पत्थरबाजी, वीडियो हुआ वायरल

## समझौते के लिए हो रही पंचायत के दौरान लड़के वालों ने किया हमला

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना अंकुर विहार क्षेत्र के सालेह नगर गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद हो रही पंचायत के दौरान लड़की पक्ष पर लड़के वालों ने पथराव कर दिया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लड़की वालों के मुताबिक उनकी दो गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है वहीं कई लोगों के चोट लगी हैं।

### 6 फरवरी को हुई थी शादी

6 फरवरी के शादी हुई थी। लड़की पक्ष वालों का आरोप है की ससुराल वाले दहेज और मांग रहे थेष जिसको



लेकर लड़की को प्रताड़ित किया जाता था। इसके बाद यह पंचायत हो रही थी। दिल्ली के रहने वाले मोहनलाल ने बताया कि उनकी बेटी सोनिया की शादी 6 फरवरी को थाना अंकुर विहार क्षेत्र के सालेह नगर में रहने वाले अरुण के साथ हुई थी।

### दहेज के लिए बेटी को किया प्रताड़ित

मोहनलाल का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। मोहनलाल के मुताबिक उन्होंने ग्रैंड विटारा कर दहेज में दी थी लेकिन लड़के वाले फॉर्च्यूनर मांग रहे थे। लड़की सोनिया के मुताबिक सके पति अरुण और उसके साथ ससुर उसके साथ मारपीट करते थे। देवर और ससुर उस पर गंदी नजर रखते थे।

### कई लोगों को लगी हैं चोटें

मोहनलाल के मुताबिक विवाद सुलझाने की कोशिश की जा रही थी। इसी को लेकर रविवार को लड़के वालों ने इन लोगों को अपने गांव बुलाया था। मोहनलाल का आरोप है कि आने से पहले ही कुछ लोग उन्होंने छुपा के रखे हुए थे। जैसे ही वह पहुंचे उन पर पथराव कर दिया जिसके चलते उनकी दो गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है और कई लोगों के चोट आईं हैं।

### पुलिस तहरीर के आधार पर लिखेगी मुकदमा

इस मामले में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया की लड़के और लड़की पक्ष में विवाद हुआ है। पुलिस मौके पर मौजूद है। फिलहाल शांति है। तहरीर प्राप्त करके मुकदमा लिखकर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दीपावली को लेकर गाजियाबाद दमकल विभाग ने जारी की सुरक्षा एडवाइजरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दीपावली को लेकर गाजियाबाद फायर विभाग अग्नि सुरक्षा व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त करने में जुट गया है। फायर विभाग ने लोगों को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। चीफ फायर अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि पिछले वर्ष दीपावली के समय कई आग लगने की घटनाएं हुई थी। इस वर्ष एक भी घटना न हो, इसके लिए पूरी तैयारियां की जा रही हैं। अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरुक किया जा रहा है। दीपावली को सुरक्षित व हानि रहित बनाने के उद्देश्य से फायरकर्मियों द्वारा आमजन को अग्नि सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। आमजन को अग्नि सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए जा रहे हैं। चीफ फायर अधिकारी ने बताया कि दीपावली के दौरान शहर में कई गाड़ियां लगाई जाएगी, जिसमें फायर बाइक होगी, कई क्यूआरटी टीम रहेगी। इसके साथ 200 से अधिक फायर कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

## कहा सवाधानी से किया जा सकता है बचाव




### अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत दिए गए सुझाव

- दीया में उतना ही घी या तेल भरें जो आपके रहते हुए पूर्ण रूप से जल जाए।
- त्योहार के अवसर पर बच्चों को घर के बाहर या सुरक्षित स्थान पर ही ग्रीन पटाखों को सावधानी पूर्वक छुड़ाएं।
- दुकान या कार्यालय अथवा कारखानों को बंद करते समय विद्युत मैन स्विच को अवश्य बन्द कर दें।
- रात्रि में सोने से पहले गैस/पीएनजी बंद कर दें।
- आग लगने की सूचना अपनी सोसायटी और कार्यालय के सिक्यूरिटी रूम या गार्ड को भी अवश्य दें।
- सभी हाईराइज भवन, कार्यालय, कारखाना संचालक अपने भवन में लगे फायर सिस्टम को सदैव ऑटो मोड में रखें।

## संपादकीय

# पर्यावरण बने प्राथमिकता

धरती का तापमान बढ़ना आज विश्व के समक्ष सबसे बड़ा संकट है, जिसका तात्कालिक समाधान नहीं किया गया, तो मानव समेत तमाम जीवों का अस्तित्व निश्चित ही खतरे में पड़ जायेगा. इस संकट के प्रभाव के गंभीर परिणाम हमारे सामने आने लगे हैं. जलवायु परिवर्तन के कारण अतिवृष्टि, सूखा, बाढ़, बेमौसम व औचक बरसात, चक्रवात, आंधी, वनों में आग, भू-स्खलन, ग्लेशियरों में बर्फ पिघलना, समुद्र का तापमान बढ़ना और समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी आदि जैसी समस्याएं सघन हो रही हैं। विश्व पर्यावरण दिवस, जो हर साल पांच जून को मनाया जाता है, के अवसर पर इस वर्ष का मुख्य विषय ह्यभूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा निरोधह्न है. पर्यावरण का समुचित संरक्षण नहीं होने तथा भूमि की उर्वरा को बनाये रखने के प्रति समुचित संवेदनशीलता की कमी से भारत समेत कई देश भूमि क्षरण की समस्या का सामना कर रहे हैं. बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई, भूजल के अत्यधिक दोहन तथा रासायनिक खेती के कारण भूमि क्षरित हो रही है।

इससे मरुस्थलीकरण भी बढ़ रहा है. अपने संदेश में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रेखांकित किया है कि मानवता भूमि पर निर्भर है, फिर भी समूचे विश्व में प्रदूषण, जलवायु अव्यवस्था और जैव-विविधता के ह्रास से स्वस्थ भूमि मरुभूमि में तथा जीवंत पारिस्थितिकी मृत क्षेत्र में परिवर्तित हो रही हैं. पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न प्रयासों के साथ-साथ इस ओर समुचित ध्यान देने की आवश्यकता है. दुनियाभर में तीन अरब से अधिक लोग भूमि क्षरण से प्रभावित हैं। साथ ही, पीने योग्य पानी का तंत्र भी तबाह हो रहा है. भारत जैसे बड़ी जनसंख्या वाले देश को स्वस्थ भूमि और जैव-विविधता की आवश्यकता अपेक्षाकृत अधिक है. इस संबंध में भारत सरकार की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं, पर इस प्रक्रिया में हम सभी की भागीदारी आवश्यक है. कम पानी एवं खाद की आवश्यकता वाले तथा अधिक पौष्टिक मोटे अनाजों को बढ़ावा देना बहुत जरूरी पहल है. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक देश आगे बढ़ रहे हैं, जिनमें भारत भी शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में यह संकल्प रखा था कि हमारा देश 2070 तक कार्बन और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन शून्य के स्तर पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है. स्वच्छ ऊर्जा के अधिक उत्पादन से जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता भी घटेगी, जिनके खनन, वितरण, ऊर्जा उत्पादन और उपभोग से पारिस्थितिकी को भारी नुकसान होता है. जिस प्रकार हम प्रकृति से स्वच्छ ऊर्जा हासिल कर रहे हैं, उसी तरह हमें वर्षा जल के संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए. पर्यावरण बचाने के लिए व्यक्तिगत और स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर तक साझा प्रयासों की आवश्यकता है।

# रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार, एसबीआई सर्वश्रेष्ठ भारतीय बैंक चुना गया

**नई दिल्ली।** 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी 'ए' से 'एफ' के पैमाने पर रेटिंग दी गई। दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका 'ग्लोबल फाइनेंस' ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट मे कहा, 'गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में 'ए प्लस' का



पुरस्कार दिया गया है। 'ग्लोबल फाइनेंस' द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में शक्तिकांत दास को यह सम्मान दिया गया।' लगातार दूसरे साल शक्तिकांत दास को मिला शीर्ष केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी 'ए' से 'एफ' के पैमाने पर रेटिंग दी गई। यहां 'ए' शानदार प्रदर्शन को दशार्ता है जबकि 'एफ' पूरी तरह से विफलता को दशार्ता है। शक्तिकांत दास के अलावा डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी केंद्रीय बैंकरों की 'ए प्लस' श्रेणी में स्थान दिया गया है।

### एसबीआई को सर्वश्रेष्ठ भारतीय बैंक का पुरस्कार

ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 2024 के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक भी घोषित किया है। वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर आयोजित कार्यक्रम में अपने 31वें वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार समारोह में ग्लोबल फाइनेंस ने 2024 के लिए एसबीआई को भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक के पुरस्कार से सम्मानित किया। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। बैंक को यह पुरस्कार असाधारण सेवाएं प्रदान करने और अपने ग्राहकों का विश्वास जीतकर देशभर में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए मिला है।

## भारत में करोड़पति करदाताओं की संख्या बीते एक दशक में 5 गुना बढ़कर 2.2 लाख हुई





**नई दिल्ली।** भारत में करोड़पति करदाताओं की संख्या असेसमेंट ईयर (एवाई) 2014 के मुकाबले असेसमेंट ईयर 2024 में पांच गुना बढ़कर 2.2 लाख हो गई है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के इकोनॉमिक डिपार्टमेंट की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, बीते एक दशक में करदाताओं की संख्या में 2.3 गुना का इजाफा हुआ है। असेसमेंट ईयर 24 में करदाताओं की संख्या 8.62 करोड़ थी। साथ ही रिपोर्ट में बताया कि यह आंकड़ा काफी अच्छा है, क्योंकि 10 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मध्यम वर्ग की आय में भारी इजाफा बीते 10 वर्षों में देखा गया है। असेसमेंट ईयर 24 में यह आंकड़ा 2.5 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये था, जो कि असेसमेंट ईयर 14 में 1.5 लाख रुपये से लेकर 5 लाख रुपये के बीच था। असेसमेंट ईयर 24 में 8.6 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा हुए थे, इससे पहले असेसमेंट ईयर 22 में यह आंकड़ा 7.3 करोड़ पर था। कुल जमा हुए रिटर्न में से 6.89 करोड़ या 79 प्रतिशत अंतिम तारीख से पहले जमा हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, असेसमेंट ईयर 25 में रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख तक 7.3 करोड़ आईटीआर जमा हुए हैं और मार्च 2025 तक और 2 करोड़ आईटीआर जमा होने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में भारत के पहले निजी मिलिट्री एयरक्राफ्ट प्लांट का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने स्पेशिन समकक्ष पेड्रो सांचेज के साथ सोमवार को वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे, इस विमान उत्पादन प्लांट में मिलिट्री एयरक्राफ्ट सी-295 का उत्पादन किया जाएगा। टीएएसएल की ओर से इस फैक्ट्री में 40 सी-295 एयरक्राफ्ट का उत्पादन किया जाएगा। यह भारत में मिलिट्री एयरक्राफ्ट के लिए पहली निजी असेंबली लाइन होगी। इस फैक्ट्री में एयरक्राफ्ट की मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, टेस्टिंग और डिलीवरी और रखरखाव से जुड़े सभी कार्य किए जाएंगे। इस मिलिट्री एयरक्राफ्ट फैक्ट्री को टाटा एडवांस सिस्टम द्वारा एयरबस स्पेन के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है। यह भारत सरकार के फ्लैगशिप इनिशिएटिव 'मेक इन इंडिया' का प्रतीक होगा। रक्षा मंत्रालय और एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसए के बीच स्पेन से 56 सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदने के लिए 24 सितंबर, 2021 की डील हुई थी। इसके करार के तहत 16 एयरक्राफ्ट सीधे स्पेन से डिलीवर किए जाएंगे। वहीं, 40 को भारत में बनाया जाएगा। 56 सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए एयरबस के साथ रक्षा मंत्रालय ने यह डील 21,935 करोड़ रुपये में की थी। स्पेन से आने वाले एयरक्राफ्ट में छह की डिलीवरी इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) को मिल चुकी है और सातवां विमान इस साल के अंत तक एयरफोर्स को मिल सकता है। इन 16 एयरक्राफ्ट की डिलीवरी अगस्त 2025 तक पूरी होनी है। टाटा-एयरबस की गुजरात के वडोदरा स्थित फैक्ट्री से पहला सी-295 एयरक्राफ्ट सितंबर 2026 में बाहर आ सकता है। बाकी के 39 एयरक्राफ्ट की डिलीवरी अगस्त 2031 तक होनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2022 में सी-295 विमान कार्यक्रम को समर्पित वडोदरा फैक्ट्री की आधारशिला रखी थी। एक बार पूरी तरह से चालू हो जाने पर, इंडियन एयरफोर्स सी-295 एयरक्राफ्ट की दुनिया की सबसे बड़ी ऑपरेटर बन जाएगी है, इससे क्षमताओं और परिचालन तत्परता में और वृद्धि होगी।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

साली- जीजा जी आप क्या करते हैं?
जीजा- मैं तो पायलट हूं।
साली- अच्छा जीजा जी, कौन सी एयरलाइन्स में पायलट है आप?
जीजा- अरे मैं वो घर की शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।
इसे सुनकर साली जी अभी तक बेहोश है

---

डॉक्टर- जब तुम तनाव में होते हो क्या करते हो?
सोनू- जी, मंदिर चला जाता हूं...
डॉक्टर- बहुत बढ़िया, ध्यान-व्यान लगाते हो वहां?
सोनू- जी नहीं, लोगों के जूते चप्पल मिक्स कर देता हूं,
फिर उन लोगों को देखता रहता हूं...
उनको तनाव में देख कर मेरा तनाव दूर हो जाता है।

---

जीजा अपनी साली के साथ चैटिंगकर रहा था
जीजा - वाह तुम तो अपनी बहन से भी ज्यादा सुन्दर हो..
साली - जीजू आप बड़े वो हो..
जीजा - अच्छा ये तो बताओ तुम इतनी सुंदर कैसे हो ?
आखिर क्या use करती हो ?
साली- फोटोशॉप ?
जीजा बेहोश?

## रोचक तथ्यों का करंट

- गाय के दूध में 8 प्रतिशत पानी होता है।
- मानसून शब्द अरब शब्द मोसिम से निकला जिसका अर्थ मौसम होता है।
- सोना 850 डिग्री सेंटीग्रेट पर पिघलता है।
- दूध में कीटाणु मिलने से ये खट्टा हो जाता है।
- बंदूक की गोली प्रति सेकंड 200 मीटर की रफ़्तार से चलती है।
- चीता सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है और बाज सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी है।
- मुख्य तीन रंग हैं लाल, पीला और नीला।
- जूडो को ओलंपिक्स में सन् 1964 में शामिल किया गया।
- पूर्वोतर का पहला नाम नेफा था।
- भारत का पहला भूमिगत बाजार पालिका बाजार 1978 में क्नॉट प्लेस नई दिल्ली में खुला था।
- पहले डाकखाने की शुरुआत कोलकाता में सन् 1737 ईः में हुई थी।
- थाईलैंड का पहला नाम सिआम था।
- त्रिपुरा प्रदेश का 25 प्रतिशत भाग बंगलादेश से घिरा हुआ है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। तस्वीरें यादगार होती हैं और यशिका के लिए ये दिन स्पेशल है। आज उनका जन्मदिन है और बैचलर लाइफ का ये हैप्पी बर्थडे अगले साल श्रीमती यशिका वाले टाइटल के साथ आयेगा। उनकी शादी दिसंबर में है। उनके पापा गिरीश गुमास्ता, मम्मी ज्योति गुमास्ता, भईया यश भाभी डॉक्टर प्राची, मौसी नमिता भल्ला, छोटे भाई प्रखर भल्ला ने यशिका के जन्मदिन पर उनकी हर खुशी, सर्व मंगल, सर्व कल्याण ओर सुखी खुशहाल जीवन की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



## भारत के अरमान भाटिया से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

# तीन वर्ग के खिताबी मैच में पेश करेंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार पिकलबॉल खिलाड़ी अरमान भाटिया ने दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के कोर्ट में आयोजित पिकलबॉल टूर्नामेंट काफी प्रभावित किया है। अरमान पीडब्ल्यूआई इंडिया मास्टर्स द्वारा आयोजित किए जा रहे इस टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को तीन वर्गों के खिताबी मुकाबले में चुनौती पेश करेंगे और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पुरुष एकल और प्रो पुरुष युगल वर्ग के बाद अरमान ने मिश्रित युगल वर्ग के खिताबी मुकाबले में भी प्रवेश कर लिया था। अरमान ने टूर्नामेंट के तीनों दिन प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अब वह विजेता बनने से एक कदम दूर हैं। अरमान ने अपने जोड़ीदार रूस वान रीक के साथ मिलकर मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में विशाल मसंद और सारा बर को हराया।

अरमान और वान रीक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल-सारा की जोड़ी से पहला गेम 11-5 से जीता। इसके बाद दूसरे गेम में उन्होंने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 11-1 से यह गेम अपने नाम कर जीत हासिल की। अरमान और वान रीक जोड़ी का रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में सामना जॉर्ज वाल और डानी ईटाउनसेंड की जोड़ी से होगा जिन्होंने एमिलिया सचमिड और कैसी डायमंड को 11-8, 11-9 को हराया।

# यशस्वी जायसवाल ने घरेलू जमीन पर टेस्ट में हासिल की खास उपलब्धि, गुंडप्पा विश्वनाथ को पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अन्य भारतीय बल्लेबाजों का बल्ला जहां खामोश रहा, वहीं सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 359 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में यशस्वी ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई थी और अपने टेस्ट करियर का आठवां अर्धशतक जड़ा था। जब तक यशस्वी क्रीज पर थे, भारत की जीत की उम्मीद बनी हुई थी। हालांकि, मिचेल सैंटनर ने यशस्वी को आउट कर भारत को झटका दिया था। यशस्वी भले ही टीम को यह मैच नहीं जिता सके, लेकिन उन्होंने घरेलू जमीन पर एक कैलेंडर वर्ष में 1000 र न पूरे कर लिए।

### एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन पूरे करने वाले सबसे युवा भारतीय

यशस्वी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 30 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 77 रन बनाए। उन्होंने 1315 गेंदों में एक कैलेंडर वर्ष में टेस्ट में 1000 रन पूरे किए। 22 वर्षीय यशस्वी इसके साथ ही ऐसा करने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। उन्होंने इस मामले में दिलीप वेंगसरकर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1979 में 23 साल की उम्र में 1000 रन पूरे किए थे।

### घर में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने यशस्वी

यशस्वी इसके साथ ही टेस्ट में एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू जमीन पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भारत के पूर्व बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 1979 में घर में एक कैलेंडर वर्ष में 1047 रन बनाए थे। यशस्वी इस मामले में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली से भी आगे निकल गए हैं जिन्होंने 2016 में 964 रन और 2017 में 898 रन बनाए थे।

मालूम हो कि, अब तक बहुत कम खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष में घरेलू टेस्ट मैचों में 1000+ रन बनाने में कामयाब हुए हैं। घरेलू मैदान पर खेले गए टेस्ट मैचों में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क के नाम है, जिन्होंने 2012 में कुल 1407 रन बनाए थे। उनके बाद पाकिस्तान के मोहम्मद यूसुफ है, जिन्होंने 2006 में 1126 रन बनाए थे।

# पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई, बोले-अभूतपूर्व उपलब्धि





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे।

ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

**इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है।**

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई! यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

### अर्जुन की शतरंज शैली काफी विकसित हुई

अर्जुन की शतरंज शैली पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। उन्हें शुरू में एक स्थितिगत खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेल को समझा और कई सुधार किए और अब दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका नाम आता है। अर्जुन के ग्रैंडमास्टर बनने का सफर बहुत कम उम्र में शुरू हो गया था। उन्होंने 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब अर्जित किया था और एक साल बाद 14 साल की उम्र में अपना ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया। वह 14 साल की उम्र में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-2017 डिवीजन में उपविजेता बने थे।

# मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त



### चीन की खिलाड़ी कियान टियानयी को नहीं दे पाईं मात

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूनार्मेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बनार्डेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी। टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।

# इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने बुमराह को तीसरे टेस्ट से आराम देने कहा, सिराज को मौका देने का सुझाव दिया



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने की मांग की है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। कार्तिक का कहना है कि भारत को इस मुकाबले के लिए बुमराह की जगह मोहम्मद सिराज को प्लेइंग-11 में वापस लाना चाहिए।

सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में उन्हें बाहर किया गया और उनकी जगह आकाश दीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में बुमराह का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने सिर्फ तीन विकेट झटके हैं। इस दौरान बुमराह ने 3.09 की इकॉनोमी से गेंदबाजी की है।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में बुमराह का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने सिर्फ तीन विकेट झटके हैं। इस दौरान बुमराह ने 3.09 की इकॉनोमी से गेंदबाजी की है।**

कार्तिक ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि जसप्रीत बुमराह को निश्चित तौर पर आराम की जरूरत है। ऐसा हो सकता है और आप मोहम्मद सिराज को आते देखेंगे। मैं किसी अन्य बदलाव के बारे में नहीं सोच सकता जब तक कि किसी को कोई परेशानी न हो। जिन बल्लेबाज या गेंदबाजों ने यह मुकाबला खेला है, उन्हें मौका नहीं देने का मुझे कोई कारण नहीं दिखता। कार्तिक भारत की इस हार से काफी दुखी हैं। उन्होंने कहा, हार की निराशा अभी भी मेरे दिमाग पर भारी है। मैं ठीक से नहीं सोच पा रहा हूं कि तीसरे टेस्ट मैच के लिए अंतिम एकादश क्या होगी। ईमानदारी से कहें तो यह बहुत छोटा नोटिस है, लेकिन अगर मुझे सीधे सोचना पड़े तो मैं कहूंगा कि बुमराह को आराम दें और सिराज को वापस लाएं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है।

### भारत का घर में विजयी अभियान हुआ था समाप्त

न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के साथ ही भारत का घरेलू जमीन पर टेस्ट में लगातार 18 सीरीज जीत का विजय अभियान थम गया। भारत ने फरवरी 2013 से अक्तूबर 2024 तक कुल 18 टेस्ट सीरीज घरेलू मैदान पर जीती, लेकिन न्यूजीलैंड ने उसका यह अभियान समाप्त कर दिया। टेस्ट में घरेलू मैदान पर लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भारत के ही नाम है। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में भारत के सामने जीत के लिए 359 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन भारतीय टीम 245 रनों पर ऑलआउट हो गई। कीवी टीम ने भारत पर 2-0 की अजेय बढ़त ले ली थी जो उसकी भारतीय जमीन पर पहली टेस्ट सीरीज जीत है।



# अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है। नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला। सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद गंभीर अपनाएंगे कड़ा रुख



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम का प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरूआती दो मुकाबलों में अच्छा नहीं रहा है। भारत ने पहले दो मैच हारकर पहले ही सीरीज गंवा दी है। इसके साथ ही भारत का घरेलू जमीन पर टेस्ट में लगातार 18 सीरीज जीत का विजय अभियान थम गया। भारत ने फरवरी 2013 से अक्तूबर 2024 तक कुल 18 टेस्ट सीरीज घरेलू मैदान पर जीती, लेकिन न्यूजीलैंड ने उसका यह अभियान समाप्त कर दिया था। अब खबरें आ रही हैं कि टीम प्रबंधन कड़ा रुख अख्तियार करने जा रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद टीम प्रबंधन कड़े निर्णय लेगा जिसमें सभी के लिए विकल्प ट्रेनिंग सत्र को रद्द किया जाना शामिल है। इससे विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा जैसे स्टार खिलाड़ियों को भी राहत नहीं मिलेगी। आमतौर पर खिलाड़ियों के लिए कुछ ट्रेनिंग सत्र वैकल्पिक रखे जाते हैं। प्रवृत्ति ऐसी रही है कि शीर्ष बल्लेबाज और तेज गेंदबाज अक्सर उस सत्र को छोड़ देते हैं और खुद को केवल हल्के ट्रेनिंग सत्र तक ही सीमित रखते हैं।

टीम प्रबंधन ने वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र का विकल्प हर खिलाड़ी से छीन लिया है। एक सूत्र ने इस रिपोर्ट के हवाले से कहा, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों को 30 और 31 अक्तूबर को दो दिनों के अभ्यास के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा है। यह अनिवार्य है और कोई भी इसे छोड़ नहीं सकता है।

भारत भले ही सीरीज गंवा चुका है, लेकिन उसके पास तीसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करके खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ में बनाए रखने का मौका रहेगा। भारत को डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए छह में से चार मैच जीतना जरूरी है। अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट जीत लेती है तो उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में कम से कम तीन मैच जीतने होंगे। इसी को देखते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन के अन्य सदस्य चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी प्रत्येक ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लें। बताया जा रहा है कि पुणे टेस्ट के बाद कुछ खिलाड़ियों ने दो दिन का ब्रेक मांगा है और इसके बाद वे तीसरे टेस्ट के लिए मुंबई में एकत्र होंगे। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सहायक स्टाफ के साथ रविवार को मुंबई पहुंचेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाना है।

### स्टार खिलाड़ियों को नहीं मिलेगी यह सुविधा?

**भारत को डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए छह में से चार मैच जीतना जरूरी है। इसी को देखते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन के अन्य सदस्य चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी प्रत्येक ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लें।**

# भारत रातोंरात खराब टीम नहीं बन सकता

## भारतीय कप्तान रोहित के बचाव में उतरे टॉम लाथम



**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम भारत के खिलाफ मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बचाव में उतरे और उन्होंने कहा कि भारत रातोंरात खराब टीम नहीं बन सकता है। न्यूजीलैंड ने शनिवार को पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 113 रनों से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। इसके साथ ही कीवी टीम ने भारतीय धरती पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार से भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को झटका है। भारतीय टीम भले ही अभी डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद हैं, लेकिन उसे अब अगले छह में से चार टेस्ट मैच जीतने होंगे। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

लाथम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करेगा। लाथम ने कहा, जिस तरह यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा और शुभमन गिल आए और उन्होंने बल्लेबाजी की इससे हम दबाव में आ गए थे। हमें पता था कि 10 विकेट चटकाना आसान नहीं होगा। हालांकि, भारतीय टीम को जल्द ही समेटना सही रहा, लेकिन आपको मानना होगा कि भारत एक बेहतरीन टीम है। कुछ मैचों के बाद वह रातोंरात खराब टीम नहीं सकती। उनकी टीम में एक से 15 तक कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। उम्मीद है कि वे मुंबई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### 'टॉस का पक्ष में होना अहम रहा'

लाथम ने साथ ही कहा कि पहले दोनों टेस्ट मैच में टॉस का फैसला उनके पक्ष में रहना महत्वपूर्ण रहा। लाथम ने कहा, हमने भारत पर हावी होने की शैली अपनाई। हम उन्हें शुरू में ही झटका देने में सफल रहे। इसके अलावा टॉस का फैसला भी हमारे अनुकूल रहा। इसने वास्तव में हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम उनके सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहते थे और शुरू में उन्हें झटका देना चाहते थे जिसमें हम सफल रहे। हमने बल्लेबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया जो वास्तव में महत्वपूर्ण रहा। हमारे गेंदबाजों ने बहुत अच्छा खेल दिखाया। उनका इस तरह का प्रदर्शन देखकर बहुत अच्छा लगा।

# वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिंदल के आवास पर पहुंचे मंत्री कपिल अग्रवाल



गाजियाबाद करंट क्राइम। वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिंदल के आवास पर भाजपा शहर विधानसभा प्रत्याशी संजीव शर्मा और मंत्री कपिल देव अग्रवालने पहुंचकर मॉर्निंग वॉक टीम के संग चाय पर चर्चा की। साथ में गाजियाबाद के अनेक वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं समाजसेवी भी मौजूद रहे। वहां उन्होंने शहर के विकास को लेकर कई मुद्दों पर भी चर्चा वार्ता की।




### उस पार्षद ने क्यों दे दी मेयर नगरायुक्त को सस्पेंड करने की सलाह

किस्सा सरकार वालों की इंटरनल तकरार से जुड़ा है और किस्से में तीन कमल हैं। किस्से में दस दस लाख के तीन काम हैं और किस्से में वो सड़क भी है जो दीवान फार्म की तरफ जाती है। एक तरफ 17 है तो एक तरफ 49 है और विकास है। फाईल में विकास रूल को भूल गया। 17 वाला फूल अपने साथ मेंबर हसबैंड को लेकर चीफ के यहां पहुंच गया। चीफ ने फूल वालों की बात एज पर रूल सुनी और एक्शन की बात कह दी। बताते हैं कि कुछ दिन पहले दीवान वाली सड़क को लेकर चीफ से उलझने वाले मेंबर भी पहुंच गये। वो चाहते थे कि जो भूल हुई सो हुई उस पर धूल डालो। चीफ साहब ने कड़क शब्दों में कह दिया कि लापरवाही की सजा मिलेगी। बताते हैं कि उलझने वाले मेंबर ने एक सुझाव ही चीफ को दे दिया। कह दिया कि अगर फाईल पर साईन का फाईन ही संस्पेंड होना है तो फिर तो मेयर को भी किया जाये और नगरायुक्त को भी किया जाये। अब इन तीन फूलों को कौन समझाये कि ये सरकारी महकमा हैं यहां तो साहब की अनुकंपा सबसे बड़ी चीज है। तुम्हे विकास से मतलब तो विकास हो जायेगा। तीन फूलों की कहानी में तीसरी बात ये निकल कर आई है कि सारा खेल ही उस तीन परसेंट को लेकर हैं जो साइलेंटली 17 वाले के पास पहुंचना था। वो कभी किसी से फोन करा रहे हैं तो कभी किसी से। कोई दूध का धुला नही है इस कहानी में।

### सुनो नेता जी अपने घर के तालाब में कमल खिलाने से क्या फायदा

उपचुनाव की रेस में कथा का असर दिखा है और शंभू की कृपा रही है। भगवा कमांडर को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया और अब सारी आस उम्मीदें जनता से हैं। दावेदारी की रेस में शार्ट लिस्ट नामों में सुना है कि एक नाम लास्ट थ्री में कंसीडर ही नही हुया था। एक नाम ने चुप्पी का कोहराम इसलिये मचाया हुया है कि उन्हे फोन आ गया था कि दस्तावेज रेडी रखें। कहने वाले ने कहा कि उनके नाम की पैरवी भी ध्वज प्रणाम वालों के यहां से हुई थी। वो कई बार से सेंकिड ही रह जाते हैं। मंडी वाले उनके बिरादर कह भी चुके हैं कि अभिमन्यु को घेर कर मार ही दिया गया। कमी कहां रह गई के सवाल पर फूल वाले ने ही कहा कि सियासत में कमल खिलाने हैं और उन्होने विरासत में मिले अपने घर के तालाब में कमल खिला रखे हैं। कहने वाले ने कहा भी कि घर में कमल खिलाने से सियासत के कमल का भला क्या कनेक्शन हैं। इस पर फूल वाले ने ही बीते सभी इलेक्शन से कनेक्शन को कनेक्ट करते हुये कहा कि जितने भी टिकट के लिये सलेक्ट हुये हैं और जीत कर इलेक्ट हुये है उनमें किसी के घर में कमल नही खिले हैं।

### किस बात की थी तकरार अगर कर ना सके दो दिन भी इंतजार

टिकट वाली उम्मीदें ही सियासत में उम्मीदों पर वार करती हैं। पंजाबी समाज इस बार मुखर होकर टिकट मांग रहा था। चैनल भी आवाज उठा रहा था और गुरूघर वालों ने भी बिरादरी का झंडा उठा लिया। बताने वाले बता रहे हैं कि वो भले ही दल के नही हैं लेकिन उनका दिल टूट गया हैं। खफा थे तो कम से कम किसी के मनाने का इंतजार तो कर लेते। किस बात की तकरार थी कि अगर दो दिन का इंतजार भी ना कर सके।

## न्यूज डायरी

### दिवाली से पहले हो जाएं सतर्क, जरा-सी चूक पड़ेगी भारी




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** त्योहारों का मौसम शुरू होने के साथ ही लोगों की खरीदारी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बाजार में दुकानों और शोरूम जाकर लोग खरीदारी करने के बजाय ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। साइबर ठग भी इसका पूरा फायदा उठाते हैं। विभिन्न कंपनियों के नाम से मिलती-जुलती वेबसाइट बनाकर लोगों को शिकार बनाते हैं। आर्डर बुकिंग और ऑनलाइन भुगतान करने वालों का सतर्क रहना जरूरी है। जरा सी असावधानी हुई तो साइबर ठग आपका खाता साफ करने में देरी नहीं लगाएंगे। ऐसे में लोगों को चाहिए कि बहुत ही सतर्कता से ऑनलाइन बुकिंग, भुगतान आदि की प्रक्रिया करें। किसी भी तरह से लोग लुभावने आफर के झांसे में न फंसे, क्योंकि साइबर ठग अलग-अलग पैतरों से लोगों को ठगते हैं।

**ठगी के पैतरें :** मेट्रीमोनियल साइट के जरिये, डेटिंग एप के जरिये, एटीएम क्लोनिंग, क्रेडिट कार्ड के जरिये, केवाइसी अपडेट करने के नाम पर आदि।

**बचाव के उपाय :** गूगल पर सर्च करके किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर न निकालें, अंजान नंबर से आने वाले मैसेज का जवाब न दें, किसी भी अंजान व्यक्ति के दोस्ती के प्रस्ताव को न स्वीकारें, किसी को भी बैंक, एटीएम और क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी शेयर न करें आदि।

### दीपावली को लेकर विद्युत विभाग अलर्ट, हर घर होगा रोशन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दीपावली को लेकर विद्युत विभाग की तैयारियां तेज हो गई हैं। ट्रांसफॉर्मर, तारों और जर्जर उपकरणों को ठीक करने और बदलने के लिए सभी सब स्टेशन पर पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाई गई है। जो दीपावली से पहले सभी का मरम्मत करेंगे, ताकि कही भी अंधेरा न रहे, ओर हर घर बिजली से रोशन हो। मोदीनगर विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने गोंविदपुरी, फफराना रोड, गदाना, मोदी स्टील आदि बिजली घरो को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

## जल निगम के पाइपों में लगी आग, चारों तरफ नजर आ रहा है धुआं ही धुआं



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के देहात जोन के वेव सिटी थाना क्षेत्र में डासना स्टैंड के पास रखे जल निगम के पाइपों में अचानक आग लग गई। प्लास्टिक के पाइप होने के चलते आग ने थोड़ी ही देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर आग बुझाने का प्रयास कर रही है।

**पानी की पाइपलाइन डालने के लिए रखे थे पाइप**

बताया जा रहा है कि इलाके में पानी की पाइपलाइन डालने के लिए यह पाइप रखे हुए थे। थाना प्रभारी वेव सिटी अंकित चौहान ने बताया कि देहात जोन के थाना वेव सिटी के डासना स्टैंड के पास देव हाइट के गेट पर जल निगम के प्लास्टिक के पाइप रखे हुए थे। दरअसल जल निगम यहां पाइपलाइन डाल रहा है जिसको लेकर यह पाइप यहां रखे गए थे।

रविवार को अचानक से इन पाइपों में आग लग गई। आग ने जल्द ही विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कानून व्यवस्था संभाली तो वहीं दमकल विभाग को सूचना देकर फायर टेंडर मंगाई। तीन फायर टेंडर आग बुझाने में लगे हुए हैं। आग के चलते चारों तरफ धुंआ ही धुंआ है। यह पाइप जल निगम ने पाइपलाइन डालने के लिए रखे थे। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच की जा रही है।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर का जयंती समारोह आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महामाया स्टेडियम में रविवार को बाबा बंदा सिंह बहादुर की जयंती के उपलक्ष्य में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खो-खो, दौड़, रिले रेस जुडो, बॉक्सिंग,लॉन्ग जम्प खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंदर शिशोदिया,उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा, मानसिंह गोस्वामी, सरदार एसपी सिंह, कृष्ण वीर सिरोही एवं अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में आकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

गर्ल्स रेस 100 मीटर आइशा प्रथम, अपूर्वा सेकंड, प्रिया थर्ड पोजीशन पर रहे। रिले रेस पुरुष में प्रथम टीम मेरठ की टीम रही। सेकंड मुजफ्फर नगर, थर्ड रॉयल टाइगर रहे। बॉक्सिंग में पीयूष प्रथम पोजीशन, विराट सेकंड और सोनी थर्ड पोजीशन पर रहे खो-खो में। एमटी क्लब गर्ल्स प्रथम रह के बाजी मारी कार्यक्रम के संयोजक गौरव चोपड़ा विजेता खिलाडी को हर वर्ष की भाति कैश प्राइज और मोमेंटो वितरण किये और क्रीड़ा अधिकारिय पूनम विश्नोई जी ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देके और बाबा बंदा सिंह बाहदुर जी के पड़चिनो पे चल कर हमेशा जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने के लिये प्रेरित किया।

## जेएमएसआईटी गाजियाबाद में फ्रेशर पार्टी का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित जेएमएसआईटी संस्थान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में एक शानदार और बहुउद्देशीय फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा, निदेशक प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध विश्वास, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड मिस तनवी गौर और अन्य प्रोफेसर्स ने हिस्सा लिया। फ्रेशर पार्टी में स्वागत नृत्य, गीत गायन, स्किट, रैंप वॉक, फैशन शो, गेम्स, और मिस्टर व मिस फ्रेशर के चयन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। महिला सम्मान पर आधारित नाट्य मंचन ने सभी के दिलों को छू लिया और सामाजिक संदेश के साथ कार्यक्रम में एक विशेष प्रभाव जोड़ा। तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन, साक्षात्कार और संस्थान में उनके व्यवहार के आधार पर सागर (बीसीए) को मिस्टर फ्रेशर, मुस्कान राघव (एमबीए) को मिस फ्रेशर, जशन दीप सिंह (बी.फार्म) को बेस्ट पर्सनैलिटी ऑफ बॉयज, कशिश शर्मा (एमबीए) को बेस्ट पर्सनैलिटी ऑफ गर्ल्स, अरिन श्रीवास्तव (बीबीए) को बेस्ट कॉस्ट्यूम ऑफ गर्ल्स, और अहसान (बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग) को बेस्ट कॉस्ट्यूम बॉयज का खिताब प्रदान किया। प्रो. अनमोल कालरा ने मंच व्यवस्था, प्रो. योगेश शर्मा ने प्रीतिभोज और प्रो. अंकुर चौधरी ने पंजीकरण तथा परिवहन जैसे आयोजनों में उत्कृष्ट सहयोग दिया।




### दीपावली तक जारी रहेगी पुलिस की आतिशबाजी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अभी कई दिनों तक पुलिस की ओर से जारी आतिशबाजी अलग-अलग जोन में जारी रहेगी। बीते 15 दिनों की बात की जाए तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सभी जोन में पुलिस एक के बाद एक एनकाउंटर कर रही है। लगातार लूटपाट करने वाले और गंभीर अपराध करने वालों को गिरफ्तार करने से पहले पुलिस की उनसे मुठभेड़ हो रही है। वह गोली लगने से जख्मी हो रहे हैं तो पुलिस का डंका भी बज रहा है। उधर पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि यह आदेश है कि बदमाशों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए जो प्रदेश के मुखिया भी चाहते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं सिटी जोन से लेकर नदियापार और देहात वाले जोन में लगभग कोई ऐसा सर्किल नहीं बचा है जहां पुलिस की गोली बदमाशों पर ना चली हो। बीते दिनों सबसे ज्यादा एक्टिव मोड में देहात और सिटी वाले साहब का जोन रहा है।



सिटी जोन में तीनों ही सर्किल ऐसे हैं जहां बीते दस दिनों के दौरान एक के बाद एक कई मुठभेड़ हुई हैं। कोतवाली वाले सर्किल में सबसे ज्यादा पुलिस ने गोली चलाने का काम किया है। तो इसके बाद सबसे टेंशन वाले सर्किल के मामले भी खोले गए हैं। कुल मिलाकर नदियापार वाले भी लगातार रैंकिंग में बने हुए हैं। तो देहात वाले भी एक के बाद एक खुलासे कर रहे हैं। भले वहां एक मामला बिगड़ गया हो, उसके बाद कार्रवाई वाला एक्शन कई फेस पर हुआ हो लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दीपावली तक पुलिस की ओर से जारी एनकाउंटर की आतिशबाजी यूं ही लगातार जारी रहेगी। देखना होगा कि चुनावी सीजन के समय पुलिस द्वारा की जा रही इस कार्रवाई का असर उस ओर कितना पड़ता है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में चुनावी सीजन के दौरान भी पुलिस बदमाशों को सबक सिखाने का अभियान जारी रखेगी। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद को लेकर लगातार रिपोर्ट पॉजिटिव बनी हुई है और यही कारण है कि साहब एक के बाद एक गुड वर्क करवा रहे हैं। सुनने में आया है कि बीते दिनों धर्मांतरण के मामले को लेकर जिस तरीके से खुलासे हुए थे, उसका भी लखनऊ में अच्छा संदेश गया है। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो साल का कार्यकाल होने वाला है, उसके बाद क्या आदेश और निर्देश आते हैं।

## इस दीपावली अंधेरे का कोई काम नहीं, वार्ड 98 में लगाई जा रही हैं 50 स्ट्रीट लाइटें




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दीपावली पर्व के लिए कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। नगर निगम शहर के विभिन्न वार्डों में लाइट की व्यवस्था करने में लगी है। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने बताया कि वार्ड 98 इंदिरापुरम अहिंसा खंड-1, 2, नीति खंड- 3, रेल विहार सहित मनोज विहार में नगर निगम द्वारा 50 नई स्ट्रीट लाइटें लग चुकी हैं। इस मौके पर पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने सभी क्षेत्रवासियों की ओर से महापौर व नगरायुक्त का आभार व्यक्त किया।

## बीएमडब्ल्यू से उतरी महिला, दुकान से गमले चुराए..., बोली- हर दिन एक गमला ले जाएगी



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के सबसे पॉश मार्किट सेक्टर-18 में एक अनोखी चोरी की घटना का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक महिला दिखाई दे रही है, जो रात के समय लग्जरी इटह कार से उतरती है और एक दुकान के बाहर रखे गमले को चुराने लगती है। यह घटना 25 अक्टूबर की देर रात लगभग 12 बजे की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

**वीडियो में महिला गमला चुराते हुए साफ दिख रही है**

इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला गमला चुराते समय कुछ लोगों की नजरों में आ जाती है, जो उसकी कार के पास आकर खड़े हो जाते हैं। जब इन लोगों ने महिला को टोका, तो उसने जवाब दिया कि वह हर दिन एक गमला ले जाएगी। जानकारी के अनुसार, यह महिला अब तक दो गमले चुरा चुकी है।

**पुलिस में नहीं की गई है कोई शिकायत**

हालांकि, इस घटना को लेकर अब तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। लेकिन ये वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, और लोग इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। पहले भी वीवीआईपी लोगों द्वारा इस तरह की चोरी सामने आती रही हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




# राष्ट्रपति पद के योग्य नहीं कमला हैरिस : डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अब करीब एक हफ्ते का ही समय बचा है। यही वजह है कि दोनों उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है और साथ ही एक दूसरे पर जुबानी हमले भी तेज कर दिए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अब अपने एक बयान में कहा है कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो वे तीसरा विश्व युद्ध करा सकती हैं।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक चुनाव प्रचार कार्यक्रम के दौरान कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'अगर वे राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो इस बात की गारंटी है कि अमेरिका तीसरे विश्वयुद्ध में शामिल हो जाएगा क्योंकि वे वैश्विक मामलों के बारे में कुछ नहीं जानतीं और उन्हें नहीं पता कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कैसे बात करनी है।' ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें राष्ट्रपति बनाना मतलब देश के लाखों लोगों के बच्चों की जिंदगी से जुआ खेलने जैसा है।' ट्रंप ने कहा कि विश्व युद्ध का खतरा जितना अब है, उतना कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि अगर वे राष्ट्रपति पद पर होते तो इस्राइल पर हुआ 7 अक्तूबर का हमला हुआ ही नहीं होता।

डेमोक्रेटिक पार्टी ने भी चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगा दिया है। यही वजह है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा भी कमला हैरिस के समर्थन में रैलियां कर रहे हैं। शनिवार को मिशिगन में कमला हैरिस के साथ एक रैली में मिशेल ओबामा भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने लोगों को डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा राष्ट्रपति बनाने के लिए चेताया। मिशेल ओबामा ने ट्रंप के मानसिक स्वास्थ्य, उन पर चल रहे मामलों और यौन अपराध के आरोपों पर तंज कसा।

**कमला हैरिस के समर्थन में मिशेल ओबामा ने की रैली**

ट्रंप ने मिशिगन में एक रैली के दौरान इस्राइल-ईरान संघर्ष पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, इस्राइल हमले कर रहा है। हमारे सामने एक युद्ध खड़ा है और वह (कमला हैरिस) पार्टी कर रही हैं। ट्रंप ने हैरिस पर यह वार उनके टेक्सास में जारी एक इवेंट को लेकर किया, जिसमें गायिका बियोंसे ने डेमोक्रेट पार्टी के लिए समर्थन जताया और कार्यक्रम में गाना भी गाया।

### युद्ध को लेकर क्या बोली हैं कमला हैरिस?

इस बीच इस्राइल की तरफ से ईरान पर हमले की घटना पर कमला हैरिस ने भी मिशिगन में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने क्षेत्र में तुरंत तनाव कम किए जाने की वकालत की। हैरिस ने कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका बहुत मजबूती से यह मानता है कि ईरान जो भी कर रहा है, उसे पश्चिमी एशिया में वह रोक देना चाहिए। अमेरिका हर हाल में ईरान के किसी भी हमले के खिलाफ इस्राइल की रक्षा करेगा।

# खामेनेई ने इस्राइल से बदला लेने की धमकी दी

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामेनेई ने इस्राइल को धमकी दी है और कहा है कि इस्राइल ने ईरान पर हमला कर गलती कर दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्राइल को ईरानी लोगों की ताकत, दृढ़ संकल्प की ताकत समझानी होगी। खामेनेई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'यहूदी शासन ने दो रात पहले गलत कदम उठाया है। हमें दृढ़ संकल्प, ईरानी लोगों की पहल और ताकत दिखानी होगी।'




### बदला लेने की बात से किया परहेज

गौरतलब है कि इस्राइल हाल ही में ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों की पुष्टि इस्राइल और ईरान दोनों ने की थी। इस्राइल ने ये हमले ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए। हालांकि इन हमलों में हुए नुकसान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। ईरान ने हमलों के बाद बयान जारी कर बताया कि उनके हवाई सुरक्षा सिस्टम ने इस्राइल के हमले को नाकाम कर दिया। यही वजह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता ने इस्राइल हमलों को लेकर कहा कि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर नहीं पेश करना चाहिए और न ही इन्हें बहुत हल्के में लेना चाहिए। हालांकि खामनेई ने जवाबी हमले करने की बात से परहेज किया।

**ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल फैक्ट्री को हुआ नुकसान! :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस्राइली हमले में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्री को नुकसान पहुंचा है। कहा जा रहा है कि इसे फिर से ऑपरेशनल बनाने में ईरान को कम से कम दो साल का समय लगेगा। ये ईरानी सेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि अगर उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई तो वे फिर से हमला करेंगे।

बीते दिनों हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की इस्राइली हमले में मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर हवाई हमला किया था। हालांकि उस हमले में इस्राइल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था। इस्राइल ने ईरानी हमले का बदला लेने की धमकी दी थी।

# इस्राइल ने पलक झपकते ही ऐसे उड़ाया हिजबुल्ला का सुरंग नेटवर्क, सेना ने वीडियो भी जारी किया

### इस्राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में की कार्रवाई, यह इलाका हिजबुल्ला का गढ़ माना जाता है

### जवाब में हिजबुल्ला ने इस्राइल की डिफेंस प्लांट पर किया हमला

**बेरूत।** इस्राइली सेना की लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ कार्रवाई जारी है। हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व को खत्म करने के बाद अब इस्राइल, हिजबुल्ला के सैन्य ठिकानों को भी तबाह कर रहा है। अब इस्राइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के भूमिगत सुरंगों के पूरे नेटवर्क को तबाह कर दिया है। इस्राइली सेना ने इसका वीडियो भी जारी किया है। गौरतलब है कि इन सुरंगों में हिजबुल्ला के हथियारों का जखीरा भी मिला था, जिसे भी इस्राइली सेना ने तबाह कर दिया है।



### हिजबुल्ला के हथियारों के जखीरों पर बमबारी

इस्राइली सेना ने सुरंग तबाह करने की कार्रवाई दक्षिणी लेबनान में की, यह इलाका हिजबुल्ला का गढ़ माना जाता है। सुरंगों को तबाह करने से हुआ विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे उत्तरी इस्राइल में भी भूकंप जैसे झटके महसूस किए गए। हिजबुल्ला के कई हथियार भी तबाह किए हैं। इनमें 130 रेडी को लॉन्च रॉकेट भी शामिल हैं। इस्राइली सेना ने बताया है कि उसके लड़ाकू विमानों ने लेबनान में हिजबुल्ला के हथियारों के जखीरों वाले ठिकानों पर बमबारी की। बीते दिन इस्राइली सेना की कार्रवाई में हिजबुल्ला के 70 के करीब लड़ाके मारे गए हैं। साथ ही बीते दिन इस्राइल के हमलों में गाजा के जाबालिया में 40 के करीब हमास के लड़ाके मारे गए हैं। इस्राइली सेना ने हमास से जुड़े कई ठिकानों पर बमबारी की। कुछ जगहों से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।

इस्राइली हमले के जवाब में हिजबुल्ला ने इस्राइल के एक डिफेंस प्लांट पर हमला किया है। यह हमला ड्रोन से किया गया, जिसमें इस्राइल के एकरे स्थित एक डिफेंस कंपनी के प्लांट को निशाना बनाया गया। इस हमले में दो लोग घायल हुए हैं। जिस प्लांट पर हमला हुआ, वह इस्राइल की इअे एविएशन कंपनी का प्लांट है। यह कंपनी नागरिक और सैन्य विमानों के कलपुर्जे बनाती है।

# फिजी ने श्री श्री रविशंकर को दिया सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**फिजी।** आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर को फिजी ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है। श्री श्री रविशंकर को फिजी गणराज्य के राष्ट्रपति रातू विलियामे एम. काटोनिवेरे ने 'ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' की उपाधि दी। यह सम्मान उन्हें मानव आत्मा के उत्थान और विभिन्न समुदायों में शांति और सद्भाव स्थापित करने में उनके अथक योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

गौरतलब है कि आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से विश्व स्तर पर उनके मानवीय कार्यों के विशाल दायरे को मान्यता देते हुए, उन्हें सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करने वाला फिजी दुनिया का छठा देश बन गया है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के अच्छे दिन आने वाले हैं : सीतारमण

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वाशिंगटन में एक ह्यग्लोबल थिंक टैंकह्ल से कहा है कि पिछले कई वर्षों से मुश्किल दौर का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था की ह्यसाफ्ट लैंडिंगह्ल की संभावना बढ़ रही है। अर्थव्यवस्था में ह्यसॉफ्ट लैंडिंगह्ल का तात्पर्य आर्थिक विकास के दौरान आने वाली ऐसी एक चक्रीय मंदी है जो पूर्ण मंदी की स्थिति आए बिना खत्म हो जाती है। हालांकि उन्होंने चेतावनी भी दी कि अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से भी आगे नहीं बढ़ रही हैं।



### भारत घरेलू बाजार के दम पर आगे बढ़ रहा

वित्त मंत्री ने इसके बावजूद माना कि विभिन्न देशों व बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने से अच्छे दिन आने वाले हैं। सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के एक ह्यग्लोबल थिंक टैंकह्ल से कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में दो दिनी वार्ता के दौरान यही संभावना दिखाई दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की ह्यसॉफ्ट लैंडिंगह्ल होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, केंद्रीय बैंकों, सभी संस्थानों व सरकारी प्रयासों ने कुछ अवधि के लिए मुद्रास्फीति में कमी बनाए रखी है इसलिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की ह्यसॉफ्ट लैंडिंगह्ल की संभावना बढ़ रही है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, हर देश ने कोविड से उबरने के लिए आदर्श रूप से कहीं अधिक उधार लिया है। परिणामस्वरूप, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण पाना अधिकांश देशों के लिए एक चुनौती होगी। इस पर कठोर नियंत्रण नहीं, तो कम से कम राजकोषीय घाटे को कुछ उचित संख्या तक लाने के उपाय तो होने ही चाहिए। मैं इससे सहमत हूं कि भारत घरेलू बाजार के दम पर तेजी से बढ़ रहा है। हमारी चुनौती है कि आयात के मुकाबले निर्यात में आनुपातिक वृद्धि नहीं हो रही है। यह आंतरिक से बड़ी बाहरी चुनौती है।

# पाकिस्तान दुनिया का तीसरा सबसे खराब देश

## कानून व्यवस्था : ताश के पत्तों की तरह फेंटी जा रही ब्यूरोक्रेसी

**इस्लामाबाद।** विश्व न्याय परियोजना (डब्ल्यूजेपी) कानून के नियम सूचकांक में व्यवस्था और सुरक्षा के संबंध में पाकिस्तान को 142 देशों में 140वां स्थान दिया गया है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे खराब देश बन गया है। डब्ल्यूजेपी द्वारा प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट में विभिन्न कारकों के आधार पर देशों का मूल्यांकन किया गया है। इसमें सरकारी शक्तियों पर बाधाएं, भ्रष्टाचार, खुली सरकार, मौलिक अधिकार, व्यवस्था-सुरक्षा, नियामक प्रवर्तन, नागरिक न्याय और आपराधिक न्याय शामिल हैं।



### डीजेपी की रिपोर्ट में 140वें स्थान पर पाक

### मानवाधिकार, न्याय प्रणाली में गिरावट

डॉन अखबार के अनुसार, व्यवस्था और सुरक्षा को तीन कारकों द्वारा मापा जाता है, जिनमें अपराध नियंत्रण, सशस्त्र संघर्षों से सुरक्षा, और नागरिक विवादों को सुलझाने के लिए हिंसा का उपयोग शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कानून-व्यवस्था में भारी गिरावट आई है। रिपोर्ट न केवल राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को दशार्ती है, बल्कि उस सरकार पर भरोसे के टूटने को भी दशार्ती है, जिसका काम देश की अखंडता को बनाए रखना है।

माली और नाइजीरिया ही ऐसे देश हैं जो कानून और सुरक्षा के मामले में पाकिस्तान से नीचे हैं। पाकिस्तान को सरकारी शक्तियों पर बाधाओं के लिए 103वां, भ्रष्टाचार के लिए 120वां, खुली सरकार के लिए 106वां, मौलिक अधिकारों के लिए 125वां, नियामक प्रवर्तन के लिए 127वां, नागरिक न्याय के लिए 128वां और आपराधिक न्याय के लिए 98वां स्थान दिया गया है। एजेंसी

डब्ल्यूजेपी के सह-संस्थापक और अध्यक्ष विलियम एच न्यूकॉम ने कहा, लगातार सात वर्षों तक कानून के शासन में गिरावट के बाद, नकारात्मक चीजों पर ध्यान केंद्रित करना आसान हो सकता है। लेकिन ऐसा करना भ्रष्टाचार विरोधी उपलब्धियों और विश्व स्तर पर न्याय प्रणालियों में सुधार के लिए की जा रही कड़ी मेहनत की अनदेखी होगी। डॉन के अनुसार, यह रिपोर्ट पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन और न्याय प्रणाली में गिरावट का खुलासा करती है।

# चीन बोला- देपसांग-डेमचोक से सैनिकों की हो रही वापसी, अन्य इलाकों पर वार्ता जारी

**विशेष।** चीन ने कहा है कि नई दिल्ली-बीजिंग के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद देपसांग व डेमचोक से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी ह्यसुचारू रूप सेह्ल हो रही है। पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्तूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में देपसांग व डेमचोक में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बताया कि सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।



भारत ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर चीन से हुए समझौते की 21 अक्तूबर को घोषणा की थी और बीजिंग ने एक दिन बाद इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि दोनों ह्यपक्ष प्रासंगिक मामलों के समाधानह्ल तक पहुंच गए हैं और वह (बीजिंग) इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए नई दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। भारतीय सेना के सूत्रों ने बताया, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्तूबर तक पूरी होने की संभावना है।

**अन्य क्षेत्रों के लिए वार्ता जारी :** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि भारत-चीन में समझौता केवल टकराव वाले इन दो बिंदुओं के लिए हुआ है तथा अन्य क्षेत्रों के लिए बातचीत अब भी चल रही है।

सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि अंततः गश्त का स्तर अप्रैल 2020 से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

# ईरान के साथ युद्ध से क्यों बच रहा सुपर पावर अमेरिका!

**तेल अवीव।** इजरायल और ईरान के बीच तनाव अब युद्ध का रूप लेता दिखाई दे रहा है। इजरायल ने आज तड़के ईरान पर जबरदस्त हवाई हमला किया है। इसे 2 अक्तूबर को इजरायल पर किए गए ईरानी हवाई हमले का जवाब बताया जा रहा है। इस हमले के बाद ईरान ने भी जबाव देने की बात कही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों देशों के बीच युद्ध भी छिड़ सकता है।




इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शब्दों में, इजरायल ₹सात मोर्चों पर युद्ध₹ लड़ रहा है। इनमें गाजा में हमास और इस्लामिक जिहाद, वेस्ट बैंक में फतह, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद सरकार, यमन में हूती विद्रोही, इराक में कताइब हिजबुल्लाह और इन सबका संरक्षक ईरान शामिल है। इजरायल से अगर भारत की तुलना की जाए तो अपना देश सिर्फ दो मोर्चों पर ही युद्ध के खतरों का सामना कर रहा है, जिसमें पाकिस्तान और चीन से लगी सीमा शामिल हैं।

**सीरिया पूरी तरह ईरान के साथ :** सीरिया के राष्ट्रपति बसर अल असद अपने अस्तित्व का श्रेय ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (क्कक्र्छ) को देते हैं, जो सीरिया में ईरान-गठबंधन वाले जिहादी मिलिशिया के पूरे नेटवर्क को वित्तपोषित, सुसज्जित और संचालित करता है।

सीरिया में इनकी संख्या कथित तौर पर 60,000 से 100,000 के बीच है। इसमें शामिल लड़ाके इजरायल के लिए लगातार खतरा है और उस क्षेत्र में नियमित रूप से झड़पें और सीमा पार हमले करते रहते हैं। इजरायल के सामने आने वाले अंतिम तीन मोर्चे वेस्ट बैंक, ईरान समर्थित लोकप्रिय मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) जो इराक को नियंत्रित करते हैं, और खुद ईरान हैं।

**हिजबुल्लाह अब भी ज्यादा ताकतवर :** लेबनान में हिजबुल्लाह का शीर्ष नेतृत्व भले ही खत्म हो गया है लेकिन उसका अस्तित्व समाप्त नहीं हुआ है। हिजबुल्लाह ने पहले ही नए नेताओं और कमांडरों की नियुक्ति शुरू कर दी है।

### इजरायल को अमेरिकी मदद की सख्त जरूरत

इजरायल के पास अमेरिकी वायु सेना के प्रत्यक्ष समर्थन के बिना ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ निर्णायक हमले के विकल्प नहीं हैं। पहाड़ों में निर्मित इन सुपर-हार्डेड परमाणु अनुसंधान सुविधाओं को नष्ट करने के लिए 30,000 पाउंड के मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर (एमओपी) जीबीयू-57/बी बमों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है - जो दुनिया में सबसे शक्तिशाली हैं और इस प्रकार के मिशन के लिए ही डिजाइन किए गए हैं। ये बम केवल अमेरिका के पास हैं, और जिन्हें केवल बी-2 जैसे अमेरिकी बमवर्षक ही गिरा सकते हैं।

**ईरान के साथ युद्ध को अमेरिका राजी नहीं :** इजरायल अपने दम पर एक छोटा ऑपरेशन कर सकता है - हालांकि हवाई ईंधन भरने की आवश्यकताओं के साथ-साथ हजारों मील की दूरी पर ईरानी वायु रक्षा से निपटने में बहुत जोखिम शामिल है।

# पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने पूर्व रक्षा वैज्ञानिक कुसुमाकार सुकुल को किया सम्मानित

## भागीरथ कैंपस में दो दिवसीय 32वां अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन हुआ संपन्न






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद स्थित भागीरथ कैंपस में चल रहे दो दिवसीय 32वां अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। सम्मलेन में पूर्व रक्षा वैज्ञानिक कुसुमाकार सुकुल सहित 35 विद्वानों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन ' भारतीय साहित्य-संस्कृति से युवा पीढ़ी का जुड़ाव ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अनेक विद्वानों ने अपने विचार / आलेख प्रस्तुत किये। समापन सत्र में छः पुस्तकों का मंच से लोकार्पण भी किया गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र एवं पूर्व सांसद एवं कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने भागीरथ सेवा संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष पूर्व रक्षा वैज्ञानिक कुसुमाकार सुकुल को 'पिताश्री हनुमान दत्त स्मृति शीर्षक सम्मान' से सम्मानित किया। कुसुमाकर सुकुल को यह सम्मान साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि कुसुमाकर सुकुल ने जनवरी 1960 में डीआरडीओ में डिफेंस साइंटिस्ट के तौर तैनाती के दौरान देश के राष्ट्रपति रहे महान रक्षा वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम किया, कई रिसर्च की और कई किताबें भी लिखीं। उन्हें रशियन लैंग्वेज में विशेषज्ञता हासिल होने के चलते रशियन डिप्लोमेसी में उनकी निपुणता का भी लाभ देश को मिला। सन 1965 की इंडिया-पाकिस्तान जंग में एयरफोर्स को दिए गए विशेष टेक्निकल स्पोर्ट के लिए कुसुमाकार सुकुल को समर सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। अपनी प्रोफेशनल लाइफ में सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए उन्होंने देश सेवा के लिए धर्मपत्नी कमला सुकुल के साथ मिलकर भागीरथ सेवा संस्थान की नींव रखी। आज भागीरथ सेवा संस्थान पब्लिक स्कूल, लॉ कॉलेज, स्पेशल स्कूल, नशा मुक्ति केंद्र, वृद्धाश्रम, दिव्यांग जन हेतु डे केयर सेंटर, कौशल विकास केंद्र आदि का संचालन कर रहा है। इसके अतिरिक्त महिला सशक्तिकरण, जरूरतमंदों के पुनर्वास, सड़क सुरक्षा और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी कार्य कर रहा है।

# विजडम पब्लिक स्कूल वार्षिकोत्सव 2024 'धरोहर' का आयोजन

## 'सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजडम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को वार्षिकोत्सव 'धरोहर' बड़े ही भव्य रूप से आजोजित किया गया। उत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अनिल पाराशर (विधायक कोल), प्रमोद गौड़ (पूर्व विधायक खैर) एवं विद्यालय के चेयरमैन प्रमोद कुमार गुप्ता, वाइस चेयरमैन महेश चन्द्र गुप्ता, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स प्रीति गुप्ता, सचिन कुमार गुप्ता, नितिन अग्रवालए, अतिन गुप्ता, नूपुर गुप्ता, कुनाल गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्या निर्मल अग्रवाल एवं हेड मिस्ट्रेस अंजू मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का निर्वाह करते हुए स्वागत गीत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कर समस्त उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनन्दन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या निर्मल अग्रवाल ने विद्यालय का 'वार्षिक प्रगति आख्या' प्रस्तुत करते हुए छात्रों द्वारा प्राप्त जनपद, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक, खेल, अभिनय, कला, संगीत, गायन एवं अन्य प्रतियोगिताओं में प्राप्त विशेष उपलब्धियों के विषय में बताते हुए विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

भारतीय संस्कृति और हमारी पृथ्वी हमारे लिए अमूल्य 'धरोहर' है। धरोहर का वास्तविक अर्थ बताते हुए आजाद भारतभूमि के वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक के सफर की भौतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, भौगोलिक, सामाजिक व सांस्कृतिक धरोहर को विविध रूपों में मनमोहक झलकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा प्राचीन धरोहर से लेकर उन्नतिशील भारत के इसरो द्वारा छोड़े गये चन्द्रयान की सफलता के विजय अभियान को व खेल जगत में हिन्दुस्तान द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की मनोरम झांकी प्रस्तुत की गयी।






### नये हिन्दुस्तान का नया चेहरा तथा संस्कृति की अमूल्य धरोहर

**करंट क्राइम।** अंत में नये हिन्दुस्तान की निरंतर प्रगतिशीलता का उत्सव नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बड़ा सुन्दर प्रदर्शन किया जिसे देख दर्शक, अभिभावक एवं अतिथियों ने जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने मुख्यतया: भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और सभ्यता को नृत्य, गायन एवं वादन के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों में 'हरियाणवी नृत्यश' 'सअभिनय हनुमान चालीसा', 'शिव तांडव स्तोत्र', 'पंजाबी नृत्य भांगड़ा', 'राजस्थानी, गुजराती नृत्य', 'बेला चाव', 'देशभक्ति गीत' की मनमोहक झलकियां रहीं।




### भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश : अनिल पाराशर

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल पाराशर ने उपस्थित दर्शकों, विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज विकसित देशों की शृंखला में सम्मिलित होने के लिए युवा शक्ति पर निर्भर है। भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश है। आवश्यकता है युवाओं को सही शिक्षा और मार्गदर्शन प्राप्त हो जिससे वे वैश्विक परिदृश्य में भारत के प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान कर सकें, राष्ट्र के नवनिर्माण में युवा शक्ति का महत्वपूर्ण स्थान होता है और राष्ट्र की प्रगति का भार आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। सुंदर एवं भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में अंत में विद्यालय की हेडगर्ल पूर्वा जादौन ने प्रबंध समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुत के लिए प्रधानाचार्य के सहयोग, अध्यापक व छात्र-छात्राओं के द्वारा इसको सफल बनाने तथा अतिथियों व अभिभावकों के आगमन पर हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विशेष बंसल, जाह्नवी नवमान, वैभव चौधरी, अनिका मूदडा, समृद्धि अग्रवाल, काव्यांश राय, सानिध्य तथा शिप्रा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन प्रमोद कुमार गुप्ता, वाइस चेयरमैन महेश चन्द्र गुप्ता, डायरेक्टर बोर्ड के सदस्य प्रीति गुप्ता, सचिन गुप्ता, नितिन अग्रवाल, अतिन गुप्ता, नूपुर गुप्ता, कुनाल गुप्ता, प्रधानाचार्या निर्मल अग्रवाल, हेड मिस्ट्रैस अंजू मेहता, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

### वर्ष 2003 में देखा स्वप्न आज वटवृक्ष बन चुका है : प्रमोद गुप्ता

**करंट क्राइम।** विद्यालय के चेयरमैन प्रमोद कुमार गुप्ता ने अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि वर्ष 2003 में जो स्वप्न देखा था कि जनपद को ऐसा विद्यालय दिया जाये जो उचित शुल्क में सुसंस्कारित, अत्याधुनिक पद्धति से मध्यम वर्ग एवं निम्न वर्ग के बच्चों को भी शिक्षित कर राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना एक अमूल्य योगदान दे सके, आज वहीं स्वप्न वटवृक्ष का रूप धारण कर लगभग 4000 बच्चों को नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा प्रदान करने में लगा हुआ है। विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को जिनके सहयोग से विद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में सामाजिक, राष्ट्रीय और धार्मिक भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए हर पल परमपिता परमेश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए। विद्यालय के वाइस चेयरमैन महेश चन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथिगण, अभिभावकगण, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं 'धरोहर' वार्षिकोत्सव को सफल बनाने हेतु प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले शुभचिंतकों का अभिनन्दन और आभार व्यक्त किया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी वाली मैडम के इलाके से आ रही है आवाज? कहने वाले कह रहे हैं कि मैम्बर साहब ने कर लिया है पैठ बाजार वालों से हिसाब? बांध लिये हैं महीने के दस हजार? पैठ वाले भी हो गये हैं तुरंत ये सिस्टम देने को तैयार? मगर यहां पर मैम्बर साहब की दरिया दिली की हो रही है बात? चर्चाएं चल रही हैं कि पार्षद जी काफी सॉफ्ट हैं? अगर उनकी जगह कोई और होता तो हर सप्ताह वसूल रहा होता दस हजार वाला हिसाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब गाजियाबाद वालों ने नहीं सुनी भगवा पार्षद की बात? सुना है विकास कार्यो की अनदेखी से आहत इन पार्षद ने मेरठ के मोहनपुरी में धरना दे दिया साहब? उनके इस धरने ने लगा दी नदिया पार के मित्तल जी के सीने में आग? इन्होंने व्हाट्सऐप ग्रुप पर ओपनली भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों को अपने शब्दों से दिया नाप? कहा इन सबको जिताकर हम हो रहे हैं परेशान? एक बार कराकर देख लो चुनाव? हम तो किसी को वोट नहीं देंगे श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो भी हो पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दिखाया बड़े दिल वाला किरदार? हमें पता है उनकी ये बड़े जनप्रतिनिधि से पटरी नहीं खाती? बावजूद इसके उन्होंने भगवा कमांडर के लिए अपने दिल के सभी दर्दों को कर दिया है बाहर? दे दिया है उन्होंने सभी को ये स्पष्ट संदेश? कहा है कि चुनाव में मजबूत करना है हमें हर हाल में भगवा कमांडर का फेस? जो भी हैं वो बाद में निपटायें जायेंगे क्लेश? ना कोई शंका, ना कोई भूल, हमारा प्रत्याशी कमल का फूल वाला दे रहे हैं मिस्टर लव पूरे प्यार से उपदेश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तो ये बात हो गई है पूरी तरह से आम? कार्यवाहक वाले अध्यक्ष में लगभग फाईनल है गोपाल भैया का नाम? ऐसा हम नहीं नदिया पार के पूर्व त्यागी भगवा कमिश्नर दे रहे थे इन शब्दों को अंजाम? कह रहे थे हमारी भविष्यवाणी हमेशा सटीक निकलती है श्रीमान? हम तो बस गोपाल भैया से लगाना चाहते हैं इतनी ही अरदास? जब वो अपना महामंत्री वाला पद खाली करें? तब इस पद के लिए हमारा नाम पूरी तरह से रखें यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं ही नहीं कहा जाता यादव जी को रेड फेस? वो पढ़ लेते हैं सामने वाले चेहरे के तमाम क्लेश? कुछ ऐसी ही पडी उनकी तरूण भैया पर नजर? उनका चेहरा देखकर हुई यादव जी को फिक्र? फिर उन्होंने किया शर्मा जी से पुरानी यादों का जिक्र? कहा जब भी चुनाव आते हैं, कुछ ना कुछ नेगेटिव घटता है आपके साथ? अब फिर चुनाव आ गये हैं? इतिहास में घटी घटनाओं को लेकर हम चिंतित हैं बेहिसाब? हमें सताता है आपको लेकर डर? तब तरूण भैया ने रेड फेस मैन को स्पष्ट किया? सबकुछ रहेगा ठीक आप क्यों कर रहे हो हमारी इतनी फिक्र?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे चुनाव कार्यालय पर? हमारी पड़ी ठीक सामने वाले होर्डिंग्स पर नजर? हमने देखा हैंडपम्प वाले चौधरी साहब भी कमांडर को बधाई देने के लिए बड़े वाले होर्डिंग के साथ दिखा रहे थे पूरी फिक्र? हमने देखा पीएम, सीएम और अपनी पार्टी के नेताओं के फोटों को दिया इसमें स्थान? मगर पार्टी के दो दिवंगत बड़े चेहरे इसमें हमें नजर नहीं आ रहे थे? ऐसी चर्चा कार्यालय पर बैठे कार्यकर्ता कर रहे थे श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैदी वालों का अंदाज है बेहद खास? वो माहौल को मीठा भी कर देते हैं और चटपटा भी बना देते हैं साहब? हमने देखा उन्होंने चुनाव कार्यालय पर गोलगप्पे वाले को बुलाकर दावत कर दी आम? गोलगप्पों का स्वाद चखने के लिए काफी लोग जमा हो गये श्रीमान? मगर इस इटिंग प्रक्रिया से मिस्टर चौहान, रेड फेस, सिंघल, मिस्टर बॉबी ने बनाई दूरी? गला खराब था बॉबी भैया का, बाकी किसी की नहीं थी कोई मजबूरी? चोटी वाले त्यागी जी का भी हाजमा था खराब? मगर गोपाल भैया मैदी जी के साथ गोलगप्पों को दनादन रहे थे दाब? दोनों की ट्यूनिंग करा रही थी आने वाले समय में किसी घोषणा का एहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बड़े पत्रकार का अस्त्र कर गया भगवा सिंघल के लिए काम? सुना है चुनाव में मिल गया युवा नेता को अपना पुस्तैनी काम? सुना है अब वो इस सिफारिश के दम पर संभाल रहे हैं फिर से चुनाव प्रचार की कमान? कहने वाले ने कहा वैसे भी युवा सिंघल इस पद को लेकर बहुत ज्यादा डिजर्व करते हैं? क्योंकि उनसे ज्यादा नहीं कर सकता कोई इतना बेहतर काम? मित्तल जी के दिल में है इस चेहरे का बहुत बड़ा स्थान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो भी निभाता है वो ठीक से निभाता है पहलवान से अपनी यारी? हमने देखा खेलकूद वाले कार्यक्रम में सौंफ वाले शर्मा जी ने संभाली हुई थी पूरी शिद्दत से खाने की जिम्मेदारी? पूरे कार्यक्रम के दौरान वो रहे खान-पान वाले स्टॉल के आस-पास ही मौजूद? उनकी मौजूदगी एहसास करा रही थी कि खाने में उनके द्वारा ही बिखेरी गई है खुशबू खूब? उनकी ये मोहब्बत दे रही थी उनकी दरिया दिली का सबूत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जहां अभी तक कई दावेदार पहुंच कर नहीं दे रहे हैं चुनाव कार्यालय पर अपने दीदार? हमने देखा जिस दिन हुई थी भगवा कमांडर के टिकट की घोषणा? उस दिन मिस्टर जायसवाल कार्यालय पर बधाई देने के लिए पहुंचे थे श्रीमान? खास बात ये है कि पैनल के तीन नामों में प्रमुखता से था उनका नाम? बावजूद इसके टिकट नहीं होने का नहीं दिख रहा था उनके चेहरे पर असर? बधाईंया देने में उन्होंने फिर भी नहीं छोडी कोई कसर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डीके गोयल बने राजनगर आरडब्लूए के अध्यक्ष, 791 वोटों से जीते





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर आरडब्ल्यूए चुनाव में रविवार को डीके गोयल ने जीत हासिल की। राजनगर के स्कूल में चुनाव के लिए मतदान हुआ। चुनाव अधिकारी रिटायर्ड कअर अधिकारी विनोद पंवार की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में 1334 सदस्यों ने मतदान किया। मतों की गिनती के बाद डीके गोयल को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। डीके गोयल को 1059 वोट मिले। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी मेघना बंसल को 268 वोट मिले। 7 वोट निरस्त किए गए। डीके गोयल ने 791 वोटों से जीत हासिल की। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करने में सहायक चुनाव अधिकारी राजवीर त्यागी, राकेश मोहन सिंघल, बीडी शर्मा का योगदान रहा।

# चाय पर चर्चा : संजीव शर्मा ने व्यापारियों, उद्यमियों तथा समाजसेवियों संग की बैठक

## लोकतंत्र में सबसे बड़ा कार्य मताधिकार का प्रयोग : विधानसभा प्रत्याशी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अध्यक्ष एवं शहर विधानसभा के प्रत्याशी संजीव शर्मा ने 'मन की बात' कार्यक्रम से पहले गांधीनगर में व्यापारियों, उद्यमियों तथा समाजसेवियों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सभी की आपस में अनौपचारिक मुलाकात के दौरान अपने कामकाज का परिचय करते हुए एक-दूसरे के साथ आनंदमय चाय की चुस्की ली। पहले मतदान फिर जलपान के जुमले को गतिमान करने के उद्देश्य से संजीव शर्मा ने कहा, लोकतंत्र के पर्व में सबसे बड़ा कार्य अपने मताधिकार का प्रयोग करना है इसलिए सभी अपने मत का अवश्य प्रयोग करें।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने राजनगर आरडब्ल्यूए चुनाव में दिनेश कुमार गोयल को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर बधाई दी। हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।